नई सोच, नया आयाम

जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -15 ◆ अंकः 300 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, शनिवार 26 अगस्त 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

पेज -4 पर जिले के पुलिस अधीक्षक एम.आर. आहिरे पदोन्नत होकर बने सएसपी

विधानसभा स्तरीय नव मतदाता अभिनंदन समारोह संपन्न पेज -8 पर

डायल 100/112 के लिए मिलेंगे 400 नए वाहन, वित्त विभाग से मिली 33 करोड़ रुपए की स्वीकृति

रायपुर। आपातकालीन स्थिति में पुलिस रिस्पांस इमरजेंसी सेवा के रूप में मदद करने वाली डायल 100/112 सेवा के लिए पुलिस को 400 नए वाहन मिलेंगे।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देशन में इसकी खरीदी के लिए वित्त विभाग ने 33 करोड़ रुपए की स्वीकृति दे दी है। इन वाहनों को प्रदेश के सभी 33 जिलों में भेजा जाएगा। वर्ष 2018 में इस योजना को 11 जिलों में लागू किया गया था। इसके लिए 252 वाहनों का क्रय किया गया था। वर्ष 2018 में क्रय किये गये अधिकांश वाहनों ने अपना माइलेज पूरा कर लिया है और कुछ वाहन इसे आगामी कुछ

महीने में पूर्ण कर लेंगे। ऐसे में इस व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए तथा सभी जिलों में संचालित करने नवीन वाहनों की आवश्यकता थी। जेम की वेबसाइट पर वाहनों की उपलब्धता एवं दरों के आधार पर शासन द्वारा दी गई स्वीकृति के अनुरूप केंद्रीय क्रय समिति के निर्णय उपरांत में जेम में आनलाइन प्रदाय आदेश के माध्यम से वाहनों का क्रय होगा। उल्लेखनीय है कि आपात स्थितियों में यह सेवा बहुत उपयोगी साबित हुई है और इसके माध्यम से गंभीर परिस्थितियों में नागरिकों को आपात मदद त्वरित रूप से मिली है। अब इस सेवा अंतर्गत 400 अतिरिक्त वाहन जुड़ने से यह इमरजेंसी सेवा और भी मजबूत होगी तथा अधिकतम नागरिकों तक इसके लाभ मिल पाएंगे। उल्लेखनीय है कि इस योजना की उपयोगिता को देखते हुए संपूर्ण राज्य में संचालित करने शासन द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है और इसके अनुरूप नवीन वाहनों की खरीदी का प्रावधान किया गया।

वाहनों को प्रदेश के सभी 33 जिलों में भेजा जाएगा

नेशनल मेडीकल कमीशन के फैसले का डॉक्टरों ने किया स्वागत

रायपुर। नेशनल मेडिकल कमिशन ने डॉक्टरों को जेनरिक दवाएं अनिवार्य रूप से लिखने के नियम पर रोक लगा दी है. एनएमसी ने डॉक्टरों के फार्मा कंपनियों से गिफ्ट न लेने और फार्मा कंपनियों द्वारा प्रायोजित सम्मेलनों में भाग न लेने के नियम को भी स्थगित कर दिया है।

डॉक्टरों फैसले का स्वागत किया है. डॉक्टरों के कड़े विरोध के बाद ये आदेश अगले नोटिफिकेशन तक के लिए स्थगित

कर दिया गया है. बता दें कि कुछ दिनों पहले डॉक्टरों के लिए एनएमसी ने नए नियम बनाकर कहा था कि डॉक्टरों को जेनरिक दवाएं लिखनी होंगी. ऐसा न करने पर उन्हें सजा दी जाने ती बात कही गई थी थी.

एक नजर

राइस मिलर्स पर सख्ती, छापेमारी से हड़कंप

बिलासपुर। बिलासपुर में कस्टम मिलिंग के तहत तय कोटे का चावल भारतीय खाद्य निगम के गोदाम में जमा नहीं किया गया, जिस पर खाद्य विभाग के अफसरों ने राइस मिलो में छापेमारी शुरू कर दी है। इस दौरान बिल्हा के राइस मिलर्स के संस्थान मां नारायणी राइस प्रोडक्ट में खाद्य विभाग के अफसरों ने जांच कर 10 हजार 800 क्विंटल धान एवं 400 क्विंटल चावल जब्त किया है। दरअसल, कलेक्टर संजीव कुमार झा ने जिले में कस्टम मिलिंग का चावल तय समय के भीतर उठाव करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने समयावधि में चावल जमा नहीं करने वाले राइस मिलर्स पर सख्ती से कार्रवाई करने के लिए भी कहा है। उनकी इस सख्ती के बाद भी कई राइस मिलर्स कस्टम मिलिंग के चावल स्नष्टङ्क गोदाम में जमा नहीं कर रहे हैं। जिले में खाद्य विभाग के अफसरों की लापरवाही के साथ ही राइस मिलर्स से मिलीभगत का खेल चल रहा है, जिसके कारण कस्टम मिलिंग के चावल को तय समय में जमा नहीं किया जा रहा है।

घर से हजारों रुपए के जेवर पार

रायपुर । बोरियाखुर्द स्थित आरडीए कालोनी में घर के आलमारी से अज्ञात चोर ने हजारों रुपए के सोने के जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया ललीता साहू 33 वर्ष आरडीए कालोनी बोरियाखुर्द की रहने वाली है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने 13-14 अगस्त की दरम्यानी प्रार्थिया के घर में प्रवेश कर आलमारी में रखे सोने के जेवर पार कर दिया।

ईडी ने जलजीवन मिशन, चावल सप्लाई में की एफआईआर, छत्तीसगढ़ में कोल परिवहन

सट्टे में मनी लॉन्ड्रिंग, हवाला, आबकारी गड़बड़ी समेत 6 मामलों में जांच

रायपुर। छत्तीसगढ़ में लगातार कार्रवाई कर आईएएस अफसरों सहित दूसरे अधिकारियों, राजनेताओं और कारोबारियों को गिरफ्तार करने वाले केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इसी महीने दो नए केस (ईसीआरआर) और दर्ज कर लिए हैं। यह मामले जल जीवन मिशन (ईसीआरआर 3/2023) और चावल सप्लाई (ईसीआरआर 1/2023) में हुई कथित गड़बड़ी से जुड़े हैं।

इसी साल ईडी ने डीएमएफ में कथित गड़बड़ी पर भी एफआईआर (ईसीआरआर 2/2023) भी दर्ज की थी। इन्हें मिलाकर अब ईडी छत्तीसगढ़ में छह मामलों की जांच कर रही है। इनमें कोल परिवहन, सट्टे में मनी लॉन्ड्रिंग, हवाला और आबकारी गड़बड़ी भी शामिल है।

सूत्रों के मुताबिक इसी हफ्ते ईडी जलजीवन मिशन और

चावल सप्लाई की जांच भी तेज करने वाली है। ईडी ने सट्टेबाजी-हवाला मामले में जेल गए आरोपियों से पूछताछ की। कुछ लोगों को समंस भेजकर भी पूछताछ के लिए बुलाया गया है। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के पहले और आयकर विभाग (आईटी) की लगातार छापेमारी और कार्रवाई से राजनीति गरमा गई हैं। क्योंकि जो कार्रवाई हो रही है उसकी जद में सत्ता पक्ष से जुड़े लोग हैं। ईडी ने पिछले साल 540 करोड़ के कोल परिवहन, सट्टेबाजी में हवाला और आबकारी में 2000 करोड़ की कथित गड़बड़ी का केस दर्ज किया। इस साल डीएमएफ में गड़बड़ी और चावल सप्लाई में गड़बड़ी का केस दर्ज किया है। इस माह अगस्त में भी ईडी ने नया केस दर्ज किया है। इसे जल जीवन मिशन में गड़बड़ी से जुड़ा बताया जा रहा है। कुल मिलाकर पिछले एक साल में ईडी ने 6 केस दर्ज किए हैं। इसमें से 4 केस में छापेमारी और जांच शुरू हो गई। दो नये केस की जांच अभी प्रारंभिक चरण में है। जानकारों के अनुसार आने वाले समय में दोनों नए केस में छापेमारी और कार्रवाई होगी। उधर पिछले तीन दिनों से ईडी सट्टेबाजी में मनी लॉन्ड्रिंग और हवाला कनेक्शन की जांच कर रही है। इसमें चारों लोगों की गिरफ्तारी हुई है और 4 लोगों के यहां बुधवार को छापा मारा गया था।

इनकी एफआईआर पर कार्रवाई

कोल परिवहन केस में बेंगलुरु और आईटी के एफआईआर को लेकर केस दर्ज किया गया और कार्रवाई की गई। ईडी ने जांच एजेंसी की कार्रवाई में अनुसूचित अपराध पाया है। आबकारी केस में आईटी के अलग-अलग एफआईआर पर कार्रवाई की। सट्टेबाजी केस में दुर्ग मोहन नगर, रायपुर के गुढ़ियारी, तेलीबांधा और आंध्रप्रदेश के एफआईआर को उठाकर कार्रवाई की है। इस तरह नए केस में भी जांच चल रही है।

33 जिलों के कलेक्टर और एसपी रायपुर में

मुख्य निर्वाचन आयुक्त की बैठक, चुनावी तैयारियों को लेकर चर्चा

रायपुर। भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार आज आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ छत्तीसगढ़ के एसपी और कलेक्टरों की बैठक ले रहे हैं। नवा रायपुर के होटल मेफेयर रिसॉर्ट में ये बैठक सुबह से शुरू हो गई है, यहां वे जिलेवार चुनावी तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। बैठक में जिला एसपी और कलेक्टर्स से से उनके जिले में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बारे में की बैठक आज विस्तारपूर्वक जानकारी ली जाएगी। बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य, मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधा, ईवीएम वीवीपेट की उपलब्धता, प्रशिक्षण व अन्य तैयारियों की समीक्षा होगी। प्रदेश के मुख्य सचिव और डीजीपी समेत वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भी बैठक की जाएगी।

छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने गुरुवार को हुई बैठक में विधानसभा चुनाव की तैयारियों के

बारे में विस्तार से आयोग को जानकारी दी। साथ ही नोडल अधिकारी पुलिस ओपी पाल ने भी चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों के बारे में बताया। इस दौरान मुख्य निर्वाचन आयोग ने भी अपने कुछ सुझाव अधिकारियों को दिए।

इससे पहले गुरुवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने एनफोर्समेट एजेंसियों की बैठक ली। जिसमें आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की और एनफोर्समेंट एजेंसियों के अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। आयोग की इस बैठक में पुलिस, आयकर, आबकारी, वन, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, डीआरआई, परिवहन विभाग, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, रिजर्व बैंक, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, सीजीएसटी, एसजीएसटी, डाक विभाग, उड्डयन विभाग, प्रवर्तन निदेशालय, भारतीय रेलवे, ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन अथॉरिटी सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

टीम बैज में सिंधिया के करीबी को महामंत्री जैसा बड़ा पद

रायपुर । 13 जुलाई अपनी नियुक्ति के करीब 38 दिनों बाद पीसीसी चीफ दीपक बैज ने अपनी जंबो कार्यकारिणी की घोषणा कर दी। कुछेक परिवर्तन को छोड़ कर पूरी सूची बघेल की कही जा रही है। बैज ने अपनी ही तरह 50 वर्ष या कम आयु के लोगों को शामिल किया है। नौ पुराने महामंत्रियों को हटाकर 23 नये बनाए गए हैं। मरकाम से छिटककर अलग किए गए रवि घोष को ही यथावत रखा गया है।वहीं 140 सचिव लिए गए हैं। अधिकांश तीसरी पीढ़ी के नेता है। पूरी सूची को बारीकि से देखने वाले कांग्रेसियों का कहना है कि कुछ वहीं पुराने मंत्री, विधायकों को छोड़ दशकों से पार्टी में सक्रिय पुराने नेताओं के बुजुर्ग ठहरा दिया गया है। बैज की इस सूची में सबसे विवाद महामंत्री दीपक दुबे को

लेकर सुना जा रहा है। उनके मुताबिक उन्होंने कांग्रेस नहीं छोड़ा है। वहीं दुर्ग के कांग्रेसी कहते हैं कि दीपक, आज भी कमलनाथ की सरकार गिराने में अग्रणी रहे मोदी के मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और शिवराज के मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के करीबी हैं। दोनों से बराबर का संपर्क है। राजपूत दुर्ग आए थे तब दीपक ने पूरी आवभगत करते हैं। दिल्ली में सिंधिया से पूरा संपर्क रहता है। इसकी जानकारी स्वयं विधायक अरूण वोरा संगठन को देते रहे हैं।

तलाक दिए बिना किया दूसरा विवाह, पहली पत्नी से बच्चे को भी छीना

रायपुर। एक महिला से उसका दो वर्ष का बच्चा छीनकर ससुराल से न केवल निकाल दिया, बल्कि उसके पति ने पत्नी से तलाक लिए बिना दूसरा विवाह भी रचा लिया। इस मामले की शिकायत पीड़िता ने महिला आयोग में की, जिस पर सुनवाई करते हुए आयोग ने महिला को उससे छीना बच्चा उसके सुपुर्द कराया।

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य डॉ. अनिता रावटे ने गुरुवार को राजधानी रायपुर स्थित आयोग कार्यालय में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। इसमें एक अन्य प्रकरण में एक महिला

ने अपने पति के खिलाफ शिकायत की कि वह दूसरी शादी करने के लिए उसे और उसकी बेटी को प्रताड़ित करता है और पिछले दो माह से उनके भरण-पोषण के लिए खर्च भी नहीं देता। आयोग ने इस मामले में अनावेदक को पत्नी व बेटी के भरण-पोषण के लिए हर महीने 20 हजार रुपए देने के निर्देश दिए । अनावेदक आयोग की बात मानते हुए इसके लिए राजी हो गया। आयोग में एक महिला ने शिकायत की कि उसका पति इंडियन बैंक में सीनियर मैनेजर के पद पर कार्यरत है। उसकी दोनों किडनी खराब हो चुकी है, जिसके कारण हफ्ते में 2 से 3 बार डायलिसिस कराना पड़ता है। इसके बावजूद बैंक ने उसके पति का चेन्नई ट्रांसफर कर दिया है। महिला ने आयोग को बताया कि उसका घर भी लोन पर है, जिसे नीलाम करने की प्रक्रिया शुरू कर उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। अनावेदक बैंक में डीजीएम के पद पर पदस्थ है।

सोमवार को कावड़ यात्रा छत्तीसगढ़ की तरक्की उन्नति के लिए निकाली जाएगी : राजेश मूणत

रायपुर। सावन के आखिरी सोमवार को पूर्व मंत्री राजेश मूणत के नेतृत्व में कावड़ यात्रा निकाली जाएगी. यात्रा की जानकारी देते हुए राजेश मूणत ने बताया कि मारुति मंगलम से कावड़ यात्रा निकलकर महादेव घाट स्थित हाटकेश्वर नाथ मंदिर तक जाएगी।

उन्होंने बताया कि कावड़ यात्रा छत्तीसगढ़ के तरक्की उन्नति के लिए निकाली जाएगी. विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करने के बाद विभिन्न प्रकार की झांकियों के साथ यात्रा निकाली जाएगी.

वही कांग्रेस की घोषणा पत्र समिति की बैठक पर पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने कहा कि कांग्रेस ने 2018 में जन घोषणा पत्र जारी किया, वह आज भी अधूरे हैं. कांग्रेस का घोषणा पत्र छत्तीसगढ़ के शोषण का पत्र फिर चुनाव को लेकर झुनझुना पकड़ाने की तैयारी में कांग्रेस है. कर्मचारी, किसान, नौजवान, महिलाए सबको ठगने का काम किया है. जनता इनके घोषणा पत्र को जान चुकी है.

बैठक... कांग्रेस घोषणा पत्र समिति की बड़ी बैठक

महंगाई से राहत देने वाली हो सकती है घोषणाएं, समिति के सदस्यों से मांगे जा रहे हैं सुझाव

रायपुर। छत्तीसगढ़ में इस वक्त कांग्रेस घोषणा पत्र समिति की बड़ी बैठक चल रही है। रायपुर में रायपुर मे कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में समिति के अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ये बैठक ले रहे हैं। घोषणा पत्र समिति की बैठक में प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के घोषणा पत्र में शामिल होने वाले बिन्दुओं पर चर्चा की जा रही है।

आज हो रही बैठक में समिति के सदस्यों से सुझाव लिए गए हैं। इसके बाद समिति के अध्यक्ष मो

अकबर इन तमाम घोषणाओं की रूपरेखा तैयार कर, पॉलीटिकल अफेयर्स कमेटी के पास देंगे। इसके बाद वरिष्ठ नेताओं की बैठक के बाद घोषणा पत्र तैयार किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक कांग्रेस का घोषणा पत्र इस तरह से तैयार किया जाएगा कि इसका असर केवल विधानसभा ही नहीं बल्कि 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में भी दिखाई दे।

कांग्रेस में राष्ट्रीय नेतृत्व लगातार महंगाई के मुद्दे पर केन्द्र सरकार को घेर रही है। महंगाई का मुद्दा जोर-शोर से उठाया जा रहा है। ऐसे में घोषणा पत्र में ऐसे बिन्दु शामिल किए जाएंगे जो महंगाई से राहत दिलाने वाले हो।

ये हैं घोषणा पत्र समिति के सदस्य

कांग्रेस की घोषणा पत्र समिति में अध्यक्ष मोहम्मद अकबर, सदस्य रविन्द्र चौबे, शिवकुमार डहरिया, अमरजीत भगत, उमेश पटेल, प्रेमसाय सिंह टेकाम, धनेन्द्र साहू, फूलोदेवी नेताम, शैलेष पाण्डेय, अरुण वोरा, शिशुपाल सोरी, द्वारिकाधीश यादव, कुंवरसिंग निषाद, राजेश तिवारी, चुन्नीलाल साहू, इदरीश गांधी, हेमा देशमुख, अटल श्रीवास्तव, अजय तिर्की, राजेन्द्र जग्गी, वाणी राव, शेषराज हरवंश, आकाश शर्मा बनाये गए हैं।

छापे के दौरान भिलाई में ईडी के डिप्टी डॉयरेक्टर से धक्का-मुक्की और गाड़ी में तोड़फोड की दुर्ग एसपी से शिकायत

रायपुर। भिलाई-3 में छापा मारने पहुंची ईडी के एक डिप्टी डॉयरेक्टर के साथ भीड़ ने धक्का-मुक्की की। इस दौरान भीड़ ने ईडी की गाड़ी का शीशा तोड़ दिया। दो दिन पहले हुई इस घटना को ईडी ने बेहद गंभीरता से लिया है और पूरे मामले की दुर्ग एसपी से लिखित शिकायत की है। बता दें कि दो दिन पहले ईडी की अलग-अलग टीमों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा, सीएम के दो ओएसडी आशीष वर्मा और मनीष बंछोर के साथ ही दुर्ग के कारोबारी राजीव भाटिया के निवास पर छापामार कार्यवाही की थी। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ईडी की कार्यवाही का विरोध करते हुए छापे वाले स्थानों पर

जमकर नारेबाजी की और प्रदर्शन किया। बताया जा रहा है कि ईडी ने जिस मामले की दुर्ग एसपी से शिकायत की है, वह घटना पदुमनगर भिलाई-3 की है। वहां सीएम के ओएसडी अशीष वर्मा का घर है। ईडी ने अपनी शिकायत में दुर्ग एसपी को बताया है कि छापे के दौरान वहां ईडी की गाड़ियों में जमकर तोड़फोड़ कर दी। भीड़ ने ईडी की मारूति सियाज कार के कांच तोड़ दिया। इनता ही नहीं छापे की कार्यवाही का नेतृत्व कर रहे डिप्टी डॉयरेक्टर संदीप आहूजा छापे के बाद जब वहां से निकल रहे थे तो भीड़ नारेबाजी करते हुए उन्हें घेर लिया और धक्का-मुक्की की।

जलवायु संकट से त्रस्त लोग उठाने लगे आवाज, बढ़ रही है मुकदमेबाजी

वर्ष 2017 के बाद से दुनिया भर में जलवायु परिवर्तन संबंधी अदालती मामलों की कुल संख्या दोगुने से अधिक हो गई है और लगातार बढ़ रही है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) और कोलंबिया विश्वविद्यालय में सबिन सेंटर फॉर क्लाइमेट चेंज लॉ द्वारा प्रकाशित निष्कर्ष बताते हैं कि जलवायु संबंधी मामलों में मुकदमेबाजी न्याय हासिल करने का एक जरूरी हिस्सा बन रही है।

ज्ञात हो कि वर्ष 2020 में दुनिया में पहली बार वायु प्रदूषण मौत का सबब बना था और ब्रिटेन की एक अदालत ने यह फैसला देकर इतिहास रचा। कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में कहा कि लंदन की एक अति व्यस्त सड़क के पास स्थित मकान में अपनी मां के साथ रहने वाली नौ साल की इला किस्सी डेब्रा की मौत के कारणों में वायु प्रदूषण भी शामिल है। इस मामले ने स्वास्थ्य, स्वच्छ वायु और जीवन जीने के उस अधिकार के बीच संबंधों की ओर ध्यान खींचा, जिसकी ब्रिटेन तथा अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून, दोनों में ही गारंटी दी गई है।

इला की मौत से तीन साल पहले की अवधि में उसके घर के आसपास वायु प्रदूषण का स्तर डब्ल्यूएचओ के पैमानों तथा यूरोपीय संघ द्वारा निर्धारित सीमाओं को पार कर गया था।

यह रिपोर्ट, ग्लोबल क्लाइमेट लिटिगेशन रिपोर्ट = 2023 स्टेटस रिव्यू, सबिन सेंटर, यूएस और ग्लोबल क्लाइमेट चेंज लिटिगेशन डाटाबेस द्वारा वर्ष 2022 तक एकत्र किए गए जलवायु परिवर्तन कानून, नीति या विज्ञान पर केंद्रित मामलों की समीक्षा पर आधारित है। इसे संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एक सार्वभौमिक मानवाधिकार के रूप में प्रकाशित किया है। जाहिर है कि अदालतें जलवायु परिवर्तन के साथ मजबूत मानवाधिकार संबंध ढूंढ रही हैं। इससे समाज में कमजोर समूहों के लिए अधिक सुरक्षा के साथ-साथ जवाबदेही, पारदर्शिता और न्याय में बढ़ोतरी हो रही है।

गौरतलब है कि कुछ समय पहले कोरिया में एक बीस हफ्ते के भ्रूण की ओर से सरकार की नीतियों के खिलाफ मुकदमा किया गया। वादी का कहना था कि कोरिया सरकार की ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन पर लगाम लगाने की नीतियां नाकाफी हैं और जीने का सांविधानिक अधिकार छीनती हैं। वुडपेकर नाम के इस अजन्मे बच्चे के साथ 62 और बच्चे भी इस मुकदमे में शामिल हैं, जिनकी ओर से अदालत में मामला दर्ज कराया गया है। %बेबी क्लाइमेट लिटिगेशन% नाम से चर्चित इस मुकदमे में इन बच्चों के वकील ने इस आधार पर एक सांविधानिक दावा दायर किया है कि देश के 2030 तक के जलवायु लक्ष्य वायु प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए नाकाफी हैं और बच्चों के जीने के सांविधानिक हक का हनन करते हैं।

पिछले पांच वर्षों में जलवायु संबंधी मुकदमेबाजी दोगुने से भी ज्यादा हो गई है और जलवायु संकट से परेशान लोग अब न्याय के लिए आवाज उठा रहे हैं।

ग्लोबल वार्मिंग से होने वाली औसत तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने के लिए जो जरूरी कार्रवाई है, उससे जलवायु नीतियां बहुत पीछे हैं। वहीं चरम मौसमी घटनाएं और प्रचंड गर्मी पहले से ही दुनिया को झुलसा रही हैं। जलवायु संकट से निपटने के लिए लोग तेजी से अदालतों का रुख कर रहे हैं और सरकारों व निजी क्षेत्र को जवाबदेह बना रहे हैं।

पिछले दो वर्षों के प्रमुख जलवायु संबंधी मामलों पर यदि ध्यान दें, तो जैसे-जैसे जलवायु संबंधी मुकदमेबाजी की आवृत्ति और मात्रा बढ़ती है, कानूनी मिसाल का दायरा भी बढ़ता है। इस मुद्दे पर पहली रिपोर्ट के बाद से जलवायु परिवर्तन के मामलों की कुल संख्या दोगुनी से अधिक हो गई है। यह 2017 में 884 से बढ़कर 2022 में 2,180 हो गई है। हाल के वर्षों में जलवायु परिवर्तन के बारे में बढ़ती जागरूकता ने भी निगमों के खिलाफ कार्रवाई को प्रेरित किया है। इनमें जलवायु क्षति के लिए जीवाश्म ईंधन कंपनियों और अन्य ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जकों को जिम्मेदार ठहराने की मांग करने वाले मामले शामिल हैं। यह अनिवार्य रूप से अधिक लोगों को अदालतों का सहारा लेने के लिए प्रेरित करेगा। यह रिपोर्ट दर्शाती है कि वैश्विक स्तर पर कमजोर समूहों की आवाज कैसे सुनी जा रही है।

25 वर्ष से कम उम्र के बच्चों और युवाओं की ओर से 34 मामले दर्ज किए गए हैं, हालांकि इनमें से ज्यादातर मामले अमेरिका के हैं, लेकिन जलवायु संबंधी मुकदमेबाजी पूरी दुनिया में जड़ें जमा रही है। अब करीब 17 फीसदी ऐसे मामले विकासशील देशों में भी रिपोर्ट किए जा रहे हैं। इनमें छोटे द्वीपीय विकासशील देश भी शामिल हैं।

सीमा जावेद

संपादकीय

सांसदों को मोदी की नसीहत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के मानसून सत्र के दौरान भाजपा और एनडीए के घटक दलों के सांसदों से मुलाकात की। ध्यान रहे एनडीए में भाजपा के अलावा घटक दलों के सांसदों की संख्या गिनी चुनी है। एकनाथ शिंदे की पार्टी के अलावा बाकी सहयोगी पार्टियों के पास एक-एक, दो-दो सांसद हैं। सो, बुनियादी रूप से यह बैठक भाजपा के सांसदों की ही थी। इसमें बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री ने सांसदों को अपने चुनाव क्षेत्र में काम करने और चुनाव लड़ने को लेकर नसीहत दी। लेकिन इसके साथ ही यह भी कहा कि सांसदों को सिर्फ चुनाव लड़ने के लिए ही राजनीति नहीं करनी चाहिए। जानकार सूत्रों का कहना है कि प्रधानमंत्री ने इशारों इशारों में सांसद को समझा दिया कि अगले चुनाव में उनकी टिकट कट सकती है।

हिंदी पट्टी के राज्यों खास कर उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार, झारखंड आदि के सांसदों को उस बैठक से ऐसे संकेत मिले हैं कि उनकी टिकट पक्की नहीं है। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री ने उन्हें पार्टी के लिए काम करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि चुनाव लड़ना ही सब कुछ नहीं है। यह भी बताया जा रहा है कि उन्होंने सांसदों से कहा कि टिकट नहीं मिलती है तो उनको निराश होने की जरूरत नहीं है। वे पार्टी और संगठन की मजबूती के लिए काम करें। भाजपा के जानकार सूत्रों का कहना है कि हर राज्य में लोकसभा चुनाव को लेकर कई दौर के सर्वेक्षण हो चुके हैं और चुनाव जीतने की क्षमता के आधार पर उम्मीदवारों की पहचान की काम हो रहा है। उम्र और जीतने की क्षमता के पैमाने पर कई सांसदों की टिकट कटने की संभावना है। जिन सांसदों की टिकट कटेगी उनमें से बहुत कम ऐसे हैं, जिन्हें संगठन के काम ही जिम्मेदारी मिलेगी। बाकी सांसद पूर्व का टैग लगा कर राजनीतिक बियाबान में भटकते रहेंगे।

जंगल और प्राणियों का संसार गिलहरी ने मुझे ऐसा बनाया

जब आप कर्नाटक का नाम सुनते हैं, तो जो चीजें सबसे पहले आपके मन में आती हैं, वे हैं विशाल जोग जलप्रपात, शानदार मैसूर पैलेस या हम्पी में विस्मयकारी विट्ठला और विरूपक्षा मंदिर। हालांकि, केवल पर्यटक आकर्षण ही कर्नाटक की बेशकीमती पेशकश नहीं हैं, बल्कि इसका अद्भुत वन्य जीवन भी हैं। और मुझे इस खूबसूरत राज्य में काफी लंबा समय बिताने का सौभाग्य मिला है, और इस खजाने के हर रत्न से मैंने प्रेरणा ली है।

यहां तक कि वन्यजीव फोटोग्राफी में मेरी यात्रा कलबुरगी में मेरे विश्वविद्यालय में आयोजित एक फोटोग्राफी प्रतियोगिता में

शुरू हुई, जहां मैंने एक विनम्र भारतीय गिलहरी की तस्वीर ली जो मटर खाने के लिए मेरे हाथ पर चढ़ गई थी। इस व्यवहार ने मुझे इतना प्रभावित किया कि मैं सोचने लगा कि जानवरों को उनके प्राकृतिक रूप में देखना कितना शानदार है। तब से मैंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

लैंस का महत्व

लेंस के माध्यम से वन्य जीवन का अवलोकन करना एक ऐसी क्रिया है जिससे कोई भी कभी ऊब नहीं सकता। हर तस्वीर अनोखी है और अपने आप में एक अलग कहानी है। यह एक फ्रेम में पूरी कहानी कहने जैसा है। फील्ड के कुछ अनुभव इतने अविस्मर्णीय होते हैं कि वे आपकी स्मृति में जीवन भर के लिए अंकित हो जाते हैं।

उनमें से एक मुझे याद है जब मैं पक्षी गणना के लिए नई दिल्ली में स्थित संजय वन गया था। विभिन्न पक्षियों को देखते हुए अचानक मेरा ध्यान एक शोर की तरफ गया। देखा तो एक पुराने पीपल के तने पर दो मैना एक तोते का पीछा कर रहे थे जो तने के एक छेद में छिप गया था। मैना ने बहुत आक्रामक तरीके से तोते को छेद से बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे। तोता भी कहाँ अपने हथियार डालने वाला था, इसलिए वह भी मैना से लड़ गया।

यह दो विरोधियों के बीच कुश्ती का रोचक द्वन्द था, जिसमे कलैया, गुलाटियां और कलाबाजी भी देखने को मिली। पूरा एपिसोड लगभग 10 मिनट तक चला, जिसके बाद तोता विजयी हुआ। इस व्यवहार पर मेरा अनुमान यह है कि चूंकि दोनों पक्षी गुफा-जीवी हैं, इसलिए उन्होंने शरण हेतु छेद पर अपना दावा किया, और तोता मैना पर हावी हो गया। दो प्रजातियों के बीच इस तरह की दुर्लभ पारिस्थितिक परस्परक्रिया को देखने का ही अवसर वन्यजीव फोटोग्राफी प्रदान करती है।

हालांकि, इन अमूल्य अनुभवों के अलावा, वन्यजीव फोटोग्राफी की अपनी चुनौतियां हैं। हम सभी लाइट्स, कैमरा और एक्शन वाक्यांश से भली-भांति परिचित हैं। लेकिन मेरे लिए एक फोटोग्राफर के रूप में, ये तीन शब्द मेरी मुख्य समस्याएँ हैं क्योंकि ये किसी भी छवि को बिगाड़ने में सक्षम हैं। जब फोटोग्राफी की बात आती है तो लाइट सबसे महत्वपूर्ण चीज होती है। शटर गति और आई.एस.ओ से प्रकाश को कुछ हद तक नियंत्रित करने के लिए समायोजित किया जा सकता है, लेकिन वे खराब रोशनी के लिए रामबाण नहीं हो सकते।

कैमरा है जरूरी

कैमरा दूसरी सबसे महत्वपूर्ण चीज है। उन्नत ज़ूम क्षमताओं वाला एक अच्छा कैमरा इस क्षेत्र में एक अच्छा निवेश है। बुनियादी डीएसएलआर का उपयोग करके बड़े जानवरों को कैप्चर किया जा सकता है, लेकिन पक्षियों या कीड़ों जैसे छोटे जानवरों के लिए एक पेशेवर कैमरे की आवश्यकता होती है। इसके अलावा, अधिकांश वन्यजीव तस्वीरें गति में ली जाती हैं। इसके लिए, कैमरे में ऑप्टिकल इमेज स्टेबिलाइज़ेशन होना अच्छा है। और अंत में, एक्शन।

एक्शन से मेरा तात्पर्य उस गति से है जिससे हम क्लिक करते हैं। वन्य जीवन में क्षण तात्कालिक होते हैं। उन्हें सही समय पर कैप्चर करना मुश्किल होता है। इसलिए, फोटोग्राफर को कैमरे को सेट करने और शॉट्स लेने में बहुत तेज होना पड़ता हैं, जो अतिरिक्त अभ्यास के साथ ही मुमकिन है। इन बातों का ध्यान रखकर तस्वीर में आने वाली विकृतियों को दूर किया जा सकता है। वन्यजीव फोटोग्राफी कौशल और जुनून का मिश्रण है। इसलिए, इस अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति फोटोग्राफी दिवस पर, मैं सभी वन्यजीव फोटोग्राफी पेशेवरों और उत्साही लोगों को बधाई देता हूं, जिन्होंने वन्यजीवों के रहस्यों को दुनिया के सामने उजागर किया, और उस गिलहरी को भी जिसने मुझे अपनी दुनिया में प्रवेश करने का अवसर दिया।

रेहानुल इस्लाम सरकार

मिला जुला

ब्रिक्स समिट में मोदी-जिनपिंग मिले

फॉरेन सेक्रेटरी बोले- दोनों नेता लद्दाख में तनाव कम करने पर सहमत

जोहान्सबर्ग। साउथ अफ्रीका में 15वीं ब्रिक्स समिट के आखिरी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग हाथ मिलाते नजर आए। दोनों नेताओं के बीच कुछ सेकेंड की बातचीत भी हुई। बाद में हमारे फॉरेन सेक्रेटरी विनय क्वॉत्रा ने कहा- मोदी और जिनपिंग इस बात पर सहमत हुए हैं कि लद्दाख में सैन्य तैनाती कम की जाएगी और तनाव कम किया जाएगा। इस बारे में बातचीत करने वाले दोनों देशों के अफसरों से इस प्रोसेस को तेज करने को कहा जाएगा।

फॉरेन सेक्रेटरी ने आगे कहा- जिनपिंग से बातचीत में प्रधानमंत्री ने लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (LAC) के अनसुलझे मुद्दे को उठाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सीमा पर शांति जरूरी है ताकि दोनों देशों के संबंध सामान्य रहें।

पीएम मोदी ने ब्रिक्स के नए सदस्यों का स्वागत किया

जिन देशों को ब्रिक्स का न्योता मिला है, उन्हें क्क्रूमोदी ने बधाई दी। उन्होंने कहा- भारत ने ब्रिक्स विस्तार का हमेशा समर्थन किया। इन सभी देशों से हमारे गहरे और ऐतिहासिक रिश्ते हैं। मुझे खुशी है कि 3 दिन की बैठक में कई पॉजिटिव रिजल्ट्स मिले हैं।
मोदी ने पश्चिमी देशों के दबदबे वाले संगठनों का नाम लिए बगैर कहा- ब्रिक्स का विस्तार ये जाहिर करता है कि दुनिया के बड़े संगठनों को समय के साथ बदलना चाहिए। वहीं, जो भी देश पहले फेज में इस संगठन से नहीं जुड़ पाए हैं, उनको इसकी सदस्यता दिलाने के लिए भारत पहल जारी रखेगा।

पीएम मोदी के संबोधन की बड़ी बातें

- जब हम ग्लोबल साउथ का प्रयोग करते हैं तो ये केवल डिप्लोमेटिक शब्द है। हमने भेदभाव का मिलकर विरोध किया है। गांधी ने साउथ अफ्रीका में ही अश्वेतों के लिए आवाज उठाई। उन्होंने नेल्सन मंडेला को प्रेरित किया।
- भारत ने अफ्रीका के साथ संबंधों को प्राथमिकता दी है। 16 नए दूतावास खोले हैं। यह चौथा सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है। एजेंडा-2063 के तहत अफ्रीका को दुनिया का ग्लोबल पावर हाउस बनाने में भारत साझेदार है।
- मून मिशन पर हमें बधाइयां मिल रही हैं। इसे किसी एक देश की सफलता नहीं, बल्कि मानवता की सफलता के तौर पर देखा जा रहा है और देखा जाना चाहिए।
- आतंकवाद से लड़ाई में हम अफ्रीकी देशों के साथ हैं। कोविड में हमने अफ्रीकी देशों को वैक्सीन और खाद्य पदार्थ दिए।

विक्रम लैंडर ने ली पहली सेल्फी

कुछ ऐसे चांद की सतह पर उतरा था प्रज्ञान रोवर

नई दिल्ली। इसरो ने लैंडर विक्रम से प्रज्ञान रोवर के चांद की सतह पर उतरने का वीडियो जारी किया है . जिसमें देखा जा सकता है कि रोवर रैंप के सहारे चांद पर गया. लैंडर और रोवर बिल्कुल ठीक हालत में हैं. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो ने भारत के लैंडर विक्रम और प्रज्ञान रेवर की चंद्रमा की सतह से पहली सेल्फी शेयर की है.

जम्मू-कश्मीर से क्यों हटाया अनुच्छेद-370?

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया, नेहरू-पटेल का भी जिक्र

केंद्र सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि जम्मू कश्मीर के लोगों को केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए अनुच्छेद 370 को खत्म करना जरूरी था। सरकार ने कहा कि इसकी (अनुच्छेद-370) वजह से जम्मू कश्मीर के लोग केंद्र की योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे थे जो देश के अन्य हिस्सों के नागरिकों को मिल रहा था।

मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच जजों की संविधान पीठ के समक्ष 10वें दिन की सुनवाई हुई। इस दौरान केंद्र द्वारा अनुच्छेद-370 खत्म करने को सही ठहराते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने यह दलील दी। उन्होंने पीठ से कहा कि अनुच्छेद-370 खत्म करके जम्मू-कश्मीर के

लोगों को देश के बाकी हिस्सों के लोगों की तरह मौलिक और अन्य अधिकारों और विशेषाधिकारों का आनंद लेने की अनुमति दी है। संविधान पीठ में मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ के अलावा, न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, संजीव खन्ना, बीआर गवई और सूर्यकांत भी शामिल हैं।

लोगों को नहीं मिल रहा था सरकारी लाभ

एसजी तुषार मेहता ने पीठ से कहा कि यह कई मायनों में ऐतिहासिक मामला है। उन्होंने कहा कि यह अदालत 75 वर्षों में पहली बार जम्मू-कश्मीर के लोगों को दिए गए विशेषाधिकारों के मामले पर विचार करेगी। उन्होंने कहा कि अदालत यह भी परखेगी कि कैसे अनुच्छेद-370 की वजह से घाटी तक पहुंचने वाली केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने से लोग वंचित हो रहे थे। एसजी ने कहा कि भारत के एक वर्ग को उन अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता जो दूसरों को प्राप्त हैं। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि इसकी वजह से जम्मू कश्मीर में एक मनोवैज्ञानिक द्वंद्व व्याप्त था जो इसके (अनुच्छेद-370) के निरस्तीकरण से समाप्त हो गया है।

राजधानी एक्सप्रेस में लगेंगे तेजस के डिब्बे

टाटा-बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन सितंबर में शुरू होगी

दक्षिण पूर्व रेलवे के लिए सितंबर महीना काफी महत्वपूर्ण होने जा रहा है. सब कुछ ठीक रहा, तो टाटानगर से बनारस तक की वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन सितंबर माह में शुरू हो जाएगी. लोगों को यह सौगात सितंबर के मध्य के बाद कभी भी मिल सकती है. इसे लेकर सर्वेक्षण किया जा चुका है. बस इस बात को लेकर एक सर्वे किया जा रहा है कि आखिर उसी दिन सारा रैक वापस आ सकेगा या नहीं. ट्रेन की टाइमिंग भी जांची-परखी जाएगी.

बताया जा रहा है कि वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन टाटा से बनारस के बीच 150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली है. इस ट्रेन के संचालन की तैयारी लगभग पूरी हो गई है. डीआरएम के स्तर पर अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर जानकारी दी गयी है कि इस ट्रेन के लिए सर्वेक्षण किया जा रहा है. वहीं, ट्रायल रन हो जाने के बाद नई दिल्ली-भुवनेश्वर राजधानी में तेजस का डिब्बा लगाकर दौड़ाने की तैयारी की गई है. ट्रायल हो चुका है. रैक का इंतजार है. पर्याप्त व्यवस्था खड़ी होते ही सितंबर माह से यह रेगुलर शुरू कर दिया जायेगा. इसे लेकर तैयारी की गई है.

अमरमणि त्रिपाठी की रिहाई पर सुप्रीम कोर्ट का रोक से इनकार

मधुमिता शुक्ला हत्याकांड में दोषी अमरमणि त्रिपाठी की आजावीन कारावास की सजा पर रिहाई से सुप्रीम कोर्ट ने रोक नहीं लगाई है। शीर्ष अदालत ने मधुमिता शुक्ला की बहन निधि शुक्ला की अर्जी पर यूपी सरकार को नोटिस जरूर जारी किया है। अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार को 8 सप्ताह के अंदर जवाब देने को कहा है। इस बीच निधि शुक्ला का कहना है कि वह यूपी की राज्यपाल से अपील करती हैं कि वे रिहाई पर पुनर्विचार करें। मधुमिता शुक्ला की 9 मई, 2003 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उस दौरान वह गर्भवती थीं। सुप्रीम

कोर्ट में मधुमिता शुक्ला की बहन का पक्ष रख रहे वकील ने कहा कि अमरमणि त्रिपाठी को रिहा करना गलता है। उन्होंने जेल से ज्यादा वक्त तो अस्पताल के बेड पर काटा था।

कलेक्टर के निर्देशन में जिले में घुमन्तू मवेशियों के नियंत्रण हेतु चलाया जा रहा सघन अभियान

सीईओ व आयुक्त ने घुमंतू मवेशी नियंत्रण कार्य का किया आकस्मिक निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशन में जिले के सभी नगरीय निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में घुमन्तू पशुओं के सड़कों पर खुले विचरण से होने वाली दुर्घटनाओं एवं फसलों को खुली चराई से बचाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग एवं राज्य राजमार्ग के अंतर्गत आने वाले सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में घुमंतू पशुओं के नियंत्रण के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी प्रमुख मार्गों पर घुमन्तू पशुओं में रेडियम बेल्ट एवं टैगिंग कर नियंत्रण का कार्य करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। कलेक्टर ने घुमंतू पशुओं के नियंत्रण की कार्यवाही में और अधिक कसावट लाने तथा सड़कों को मवेशियों से मुक्त करने और लापरवाह पशुपालकों द्वारा अपने मवेशियों को सड़को पर खुला छोड़ने की स्थिति में दण्डात्मक कार्यवाही के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने इस अभियान में संबंधित सभी अधिकारियों को पूर्ण सहयोग करने के निर्देश जारी किए हैं। नगर निगम क्षेत्र में भी सड़कों पर विचरण कर आवागमन में व्यवधान व दुर्घटना का कारण बनने वाले घुमंतू पशुओं के नियंत्रण हेतु लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप एवं आयुक्त नगर निगम सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने निगम क्षेत्र में घुमंतू मवेशियों के नियंत्रण हेतु की जा रही कार्यवाही का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने शहर के कलेक्ट्रेट रोड, शास्त्री चौक, सुभाष चौक, घंटाघर, बुधवारी व्हीआईपी रोड सीएसईबी दर्री कोरबा मुख्य मार्ग होते हुए दर्री व जेलगांव गोपालपुर सहित अन्य प्रमुख मार्गों का दौरा करते हुए प्रमुख सड़क मार्गो पर की जा रही मवेशी नियंत्रण कार्यवाही का निरीक्षण किया। घुमंतू मवेशियों के नियंत्रण हेतु ठोस व सघन कार्यवाही करने, उनके गले में रेडियम कॉलर लगाने के साथ ही लापरवाह पशुपालकों पर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इस कार्यवाही में और अधिक कसावट लाने, सड़कों से काऊकैचर के माध्यम से गौठान, कांजीघर व सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी घुमंतू मवेशियों को चिन्हित कर उनमें रेडियम पट्टा लगाने हेतु उपसंचालक पशुचिकित्सा विभाग को निर्देशित किया। जिससे मवेशियों के कारण होने वाली दुर्घटना से बचा जा सके। निरीक्षण के दौरान सीईओ विश्वदीप एवं निगमायुक्त सुश्री ममगाई ने भी लापरवाह पशुपालकों पर दण्डात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंनें कहा कि ऐसे लापरवाह पशुपालक जिनके द्वारा अपने मवेशियों को सड़कों पर स्वच्छंद विचरण हेतु खुला छोड़ दिया जा रहा है।

ऐसे पशुपालकों को चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही के निर्देश अनुविभागीय दण्डाधिकारी को दिए हैं। इसी तारतम्य में कई पशुपालको को कड़ी हिदायत दी गई है कि वे अपने मवेशियों को घर पर ही सुरक्षित रखेंए सड़क पर खुला न छोड़े, मवेशियों को सड़को पर खुला छोड़ने की स्थिति में प्रशासन द्वारा दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण कार्यवाही के दौरान ही 42 पशुओं को गौठानों कांजी हाउस में विस्थापित किया गया है। इस दौरान पशुचिकित्सा विभाग के उप संचालक सहित निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

- *घुमन्तू पशुओं के नियंत्रण हेतु ठोस व सघन कार्यवाही करने अधिकारियों को दिए निर्देश*
- *घुमंतू पशुओं के गले में रेडियम पट्टा लगाने व लापरवाह पशुपालकों पर दंडात्मक कार्यवाही के दिए निर्देश*



खरसिया एवं रायगढ़ विकासखण्ड क्षेत्र के 318 पशुओं को लगाया गया रेडियम बेल्ट एवं किया गया टैगिंग

नेशनल हाईवे पर पाये जाने वाले घुमन्तू पशुओं में रेडियम बैंड एवं टैगिंग के लिए चलेगा विशेष अभियान

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश पर पशुओं से होने वाले सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से जिले में खुले में विचरण करने वाले पशुओं के गले में रेडियम बैंड एवं टैगिंग का कार्य नियमित रूप से किया जा रहा है। जिसके तहत राष्ट्रीय, राज्य राजमार्ग एवं प्रमुख मार्ग पर पाये जाने वाले घुमन्तु पशुओं के विस्थापन हेतु पशुधन विकास विभाग रायगढ़ द्वारा आगामी दिनों विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत राष्ट्रीय, राज्य राजमार्ग एवं प्रमुख मार्गो पर पाये जाने वाले घुमन्तु पशुओं को रेडियम बेल्ट एवं टैगिंग के साथ ही पशुपालकों को जागरूक भी किया जाएगा। इसी कड़ी में बीते 24 अगस्त की रात्रिकाल में विकासखण्ड खरसिया के ग्राम-बरगढ़, छोटे देवगांव, बोतल्दा, चपले तथा खरसिया नगर, विकास खण्ड तमनार अंतर्गत ग्राम तमनार, धौराभांठा तथा रायगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत ट्रांसपोर्टनगर आदि क्षेत्रों में एक साथ अभियान चलाया गया। जिसमें कुल 318 पशुओं को रेडियम बेल्ट पहनाया गया एवं टैगिंग किया गया। साथ ही विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा पशुपालकों को अपने पशुओं को खुले में नहीं छोड़ने हेतु जागरूक किया गया। जिले में आज अब तक कुल 2417 पशुओं में रेडियम बेल्ट लगाया गया है तथा 2559 पशुओं में टैगिंग किया गया है एवं 783 पशुओं को सड़कों से गौशाला, गौठान एवं अन्य जगहों पर विस्थापित किया गया है।



चलेगा विशेष अभियान

उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 28 अगस्त से 3 सितम्बर 2023 तक राष्ट्रीय, राज्य राजमार्ग एवं प्रमुख मार्गो पर पाये जाने वाले घुमन्तु पशुओं को रेडियम बेल्ट लगाने एवं टैगिंग के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही विभाग द्वारा पशुपालकों के व्यवहार परिवर्तन हेतु ग्रामों, वार्डों में शिविर एवं कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, ताकि पशुपालकों को पशुओं के कारण हो रही सड़क दुर्घटनाओं से अवगत कराते हुए उन्हें पशुओं को खुले में न छोड़ने तथा घर में ही बांधकर रखने हेतु आग्रह किया जा रहा है। जिससे सड़क दुर्घटनाओं के साथ ही पशुओं को भी सुरक्षित रखा जा सके।

एक नजर

छत्तीसगढ़ के तीन जिलों में भारी बारिश का अलर्ट



रायपुर. छत्तीसगढ़ में मानसून फिर एक्टिव हो गया है। बीते दो दिनों से राजधानी रायपुर, दुर्ग, बलौदाबाजार और आसपास के जिलों समेत उत्तर छत्तीसगढ़ में बारिश हो रही है। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में बारिश की गतिविधियों में उतार-चढ़ाव बना हुआ है और फिलहाल यही स्थिति रहने की संभावना है। प्रदेश में जशपुर, सूरजपुर और बलरामपुर जिले में कई जगहों पर भारी बारिश के आसार हैं। गुरुवार को रायपुर में दिनभर उमस भरा माहौल रहा और शाम को हल्की बारिश हुई। रात में बलौदाबाजार, बस्तर, बेमेतरा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, धमतरी, दुर्ग, गरियाबंद, कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर और सुकमा जिले के अलग-अलग जगहों पर बारिश हुई है। बारिश की वजह से अब तक जो तापमान बढ़ा था, उसमें अब कमी आई है। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश के कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

राजधानी में कल गौरव कपूर व देवेश दीक्षित का कॉमेडी शो

रायपुर। राजधानी रायपुर में कल मशहूर कामेडियन गौरव कपूर एवं देवेश दीक्षित कॉमेडी शो में मनोरंजन करने आ रहे हैं। रायपुर रेड बार्न क्लब की ओर से शनिवार 26 अगस्त को पंडित दीनदयाल आडिटोरियम में पहली बार दोनों कलाकार अपनी हंसी के खजाने से लोगों का भरपूर मनोरंजन करेंगे। कार्यक्रम शाम 6 बजे से है और केवल प्रवेशपत्र धारियों को ही प्रवेश दिया जायेगा। प्रवेश पत्र के साथ कूपन भी रहेगा जिसमें प्रवेशपत्रधारी स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टाल का लुफ्त भी उठा सकेंगे। कार्यक्रम स्थल पर कल दोपहर 12 बजे से प्रवेश पत्र भी उपलब्ध रहेगा। इसके साथ संगीतमय आयोजन भी किया गया है।

बीजेपी कार्यकर्ताओं के नाम कटवाना चाहती है सरकार, चुनाव आयोग करे समीक्षा

दागी आईएएस-आईपीएस को चुनाव कार्य से रखा जाए अलग, निष्पक्षता होगी प्रभावित- बृजमोहन

- चुनाव आयोग के पोर्टल में खराबी, नए मतदाता नाम जुड़वाने हैं परेशान, समस्या जल्द ठीक कराए
- रायपुर के आउटर के कॉलोनियों में मतदाता सूची में नाम जोड़ने चलाएं विशेष अभियान
- चुनाव आयोग से मिला भाजपा का प्रतिनिधिमंडल, चुनाव निष्पक्षता पर दी राय, भ्रष्ट अधिकारी और मतदाता सूची को लेकर की शिकायत

रायपुर. विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने गुरुवार को भारत निर्वाचन आयोग से मुलाकात की है। इस मुलाकात के बाद उन्होंने बताया कि हमने विधानसभा चुनाव-2023 के संदर्भ में भारतीय जनता पार्टी की ओर से भारत निर्वाचन आयोग के समक्ष अपनी बात रखी।

चुनाव आयोग से कहा है कि छत्तीसगढ़ के क्लास वन आफिसर (आईएएस-आईपीएस) दागी है। इनके खिलाफ ईडी और इनकम टैक्स जांच कर रही है। इनको नोटिस मिली है। आबकारी का तो पूरे अमले को नोटिस मिली है। ऐसे अधिकारियों को जो राज्य सरकार के दबाव में काम कर रही है। इनको चुनाव के काम में नहीं लगाया जाना चाहिए।

बृजमोहन अग्रवाल चुनाव आयोग से बोले कि मतदाता सूची निष्पक्ष बने, क्योंकि सरकार योजना पूर्वक बीजेपी कार्यकर्ताओं के नाम कटवाना चाहती है। वे इस अभियान में लगे हुए है। इसकी भी आपको समीक्षा करनी चाहिए।

पूर्व मंत्री ने कहा कि नाम जोड़ने आयोग का जो पोर्टल है, वह ठीक से काम नहीं कर रहे हैं। आप इसको ठीक कराए। वहीं 15 दिन मतदाता सूची में नाम जोड़ने के अभियान को बढ़ाया जाना चाहिए। शनिवार और रविवार को मतदाता सूची में नाम जोड़ने का काम किया जाना चाहिए।

बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि रायपुर में जितने बड़े-बड़े फ्लैट्स, कॉप्लेक्स और कॉलोनी है, जो शहर से दूर आउटर में हैं। ऐसे इलाकों में नाम जोड़ने के लिए अभियान चलाया जाना चाहिए। वहीं ऐसे मतदाता जिनका तीन चार जगह नाम है, इनका नाम कैसे काटा जाए, इसका विचार किया जाना चाहिए।

पूर्व मंत्री अग्रवाल ने बताया कि चुनाव आयोग ने हमारी मांगों को ध्यान से सुना और उस पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। भाजपा प्रतिनिधि मंडल में सांसद सुनील सोनी, नरेश गुप्ता व डॉक्टर विजय शंकर मिश्रा भी थे।

रायपुर आ रही फ्लाइट की लखनऊ में इमरजेंसी लैंडिंग

दिल्ली से उड़ान भरने के बाद आई तकनीकी खराबी

रायपुर. दिल्ली से रायपुर आ रही एक फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गयी है। ये इंडिगो कंपनी का विमान है। जिसे इंजन में तकनीकी खराबी आने के बाद लखनऊ के एयरपोर्ट पर उतारा गया है।

उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही विमान में तकनीकी खराबी आ गई थी। वहीं एयरपोर्ट अथॉरिटी का कहना है कि इन यात्रियों को वहां से रायपुर लाने की व्यवस्था की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, दिल्ली से रायपुर आने वाली फ्लाइट नंबर 6E 859 ने आज शाम 6 बजकर 40 मिनट में उड़ान भरी थी। इसे 8 बजे के आसपास रायपुर पहुंचना था। लेकिन विमान के टेक ऑफ होते ही कुछ देर बाद पायलट को इंजन में तकनीकी खराबी दिखी। पायलट ने ATC से संपर्क करने के बाद लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लैंडिंग की परमिशन मांगी। परमिशन मिलते ही विमान को लखनऊ एयरपोर्ट में सुरक्षित उतार लिया गया। इसमें करीब 100 यात्री सवार थे। रायपुर एयरपोर्ट अथॉरिटी से मिली जानकारी के मुताबिक, विमान के सभी यात्री और क्रू मेंबर सुरक्षित हैं। इमरजेंसी लैंडिंग के बाद यात्रियों में थोड़ी अफरा तफरी हुई थीं।

आप ने की 2 सह प्रभारियों की नियुक्ति

सांसद संदीप पाठक ने पंजाब के दो विधायकों को दी जिम्मेदारी

रायपुर. छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इस रेस में आम आदमी पार्टी भी अपनी राजनीतिक जमीन को मजबूत करने के लिए लगातार बैठकें कर रणनीति बना रही है। आप ने छत्तीसगढ़ में 2 सह-प्रभारियों की नियुक्ति की है। जिसके बाद ये जल्द ही छत्तीसगढ़ का दौरा करेंगे। इसके अलावा आप ने 2 सह प्रभारी मध्यप्रदेश में भी नियुक्त किया है। ये नियुक्ति आप के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ संदीप पाठक ने की है। ये नवनियुक्त सह प्रभारी अमोलक सिंह और

अमृतपाल सिंह सुखानंद पंजाब से विधायक हैं। फरीदकोट जिले की जैतो विधानसभा से अमोलक सिंह और मोगा जिले की बाघा पुराना विधानसभा से अमृतपाल सिंह सुखानंद विधायक है।

72 निजी कॉलेजों में नए फार्मूले से आवंटित होंगी सीटें

रायपुर. राज्य के निजी कॉलेजों में संचालित डीएलएड पाठ्यक्रम को इस बार आरक्षण के दायरे में लाया गया है। पहली बार इन कॉलेजों में डीएलएड में एडमिशन 58 प्रतिशत आरक्षण के अनुसार होगा। इसका असर राज्य के 72 निजी कॉलेजों पर पड़ेगा। यहां डीएलएड की 4915 सीटें हैं। सत्र 2023-24 के तहत प्रवेश के लिए नया नियम लागू किया गया है। जानकारों का कहना है कि निजी कॉलेजों में संचालित बीएड व अन्य कोर्स की सीटें पहले से ही आरक्षण के तहत आवंटित की जाती हैं। डीएलएड की सीटों का आवंटन पहली बार आरक्षण के फार्मूले से होगा।राज्य के 90 कॉलेजों में डीएलएड की पढ़ाई हो रही है। यहां करीब साढ़े छह हजार सीटें हैं।

संबित पात्रा ने कहा-

छत्तीसगढ़ में घोटाले की दुकान हीं नहीं बल्कि फ्रेंचाइजी भी बांटी

रायपुर. छत्तीसगढ़ में श्वष्ठ की कार्रवाई को लेकर दिल्ली में बीजेपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। गुरुवार को प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि, छत्तीसगढ़ सरकार ने घोटाले की दुकान नहीं खोली बल्कि इन घोटालों की फ्रेंचाइजी भी बांटी हुई है। इन्हीं वजहों से आज जांच एजेंसियों के छापे वहां पड़ रहे है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की छवि धूमिल करने की हमें जरूरत नहीं है। इससे पहले भूपेश बघेल ने

दिल्ली में केंद्र सरकार पर आरोप लगाए थे। आगे उन्होंने कहा कि ऑनलाइन गैम्बलिंग, शराब घोटाला या कोयला घोटाला हो। गलत होगा तो उसके छींटे आप पर भी आएंगे। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि अब वो जमाना गया जब लगता था कि भ्रष्टाचार हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।

प्रवक्ता संबित ने कहा कि इन घोटालों के ऊपर 37 फ्रों की चार्जशीट बनी है। जिसमें ये बात साफ है कि पुलिस ASI चंद्र भूषण वर्मा, जिन्होंने 65 करोड रुपए के लेनदेन को स्वीकार किया है। इसके अलावा उन्होंने कई और भी लोगों का नाम लिया है।

पीसीसी चीफ दीपक बैज की नई टीम तैयार

50 साल से कम उम्र वालों को मौका

रायपुर. पीसीसी चीफ दीपक बैज की नई टीम तैयार हो गई है। हाल ही में संगठन प्रभारी बनाए गए अरुण सिसोदिया,अमरजीत चावला समेत नौ महामंत्रियों को हटा दिया गया है। उनके स्थान पर नौ नए नेताओं को महामंत्री पद का दायित्व सौंपा गया है। बैज के करीबी महामंत्री बनाए गए मलकीत सिंह गैदू को प्रभारी संगठन महामंत्री की जिम्मेदारी दी जाएगी।

ये सब महामंत्री हटाए गए

अरूण सिसोदिया, अमरजीत चावला, रंजीत कोसरिया, रुख्मणी वर्मा, अर्जुन तिवारी, सुमीत्रा धृतलहरे के नाम शामिल हैं। वहीं रजनू नेताम को नारायणपुर का जिलाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि गोपाल थवाइत का निधन हो गया है।

मलकीत, सुबोध सहित 23 महामंत्री

एआईसीसी से जारी सूची के मुताबिक जिन नेताओं को महामंत्री बनाया गया है उनमें आधे से अधिक 50 साल से कम उम्र के हैं। जारी सूची के मुताबिक प्रशांत मिश्रा, मलकीत सिंह गैदू, दीपक मिश्रा, नरेश ठाकुर, रवि घोष, वासुदेव यादव, चंद्रशेखर शुक्ला, थानेश्वर पाटिला, राजेन्द्र साहू, आरती सिंह, यशवर्धन राव, नीना रावतिया, फुलकेरिया भगत, सकलेन कामदार, जितेन्द्र साहू, द्वितेन्द्र मिश्रा, मनहरण राठौर, सीमा वर्मा, पीयूष कोसरे, कन्हैया अग्रवाल, शाहिद खान, दीपक दुबे और सुबोध हरितवाल के नाम शामिल हैं।

एचएनएलयू के हॉस्टल में मिली लड़की की लाश

जहर खाकर सुसाइड की आशंका

रायपुर. नवा रायपुर स्थित हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली एक छात्रा की लाश मिली है। ये लाश युवती के हॉस्टल के बाथरूम से ही मिली है। बताया जा रहा है कि युवती ने जहर खाकर सुसाइड किया है। हालांकि मौत कैसे हुई इसका खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही चल पाएगा। लाश मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे मर्चुरी भेजकर जांच में जुटी है।

सेंटर फायर पिस्टल में वैभव ने जीता पदक

रायपुर . नेशनल रायफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ रायफल एसोसिएशन द्वारा निशानेबाजी प्रतियोगिता माना के शूटिंग रेंज में आयोजित की गई। स्पर्धा में 350 निशानेबाजों ने हिस्सा लिया। इसमें राजकुमार कॉलेज के साथ ही बिलासपुर व दुर्ग से 70 स्कूली खिलाडिय़ों ने हिस्सा लिया।

भाभी ने रची ननद की हत्या की साजिश

घरघोड़ा पुलिस और साइबर सेल रायगढ़ के ज्वाइंट एक्शन में पकड़ाए साजिशकर्ता भाभी सहित कुल 4 आरोपी

जोहार छत्तीसगढ़ – रायगढ़।

घरघोड़ा के वार्ड क्रमांक 3, उरांवपारा में गत 21 अगस्त की सुबह रमा उरांव पिता स्वर्गीय मयाराम उरांव (उम्र 30 वर्ष) पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा सोते समय हमला करने के मामले में रायगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। घरघोड़ा पुलिस और रायगढ़ साइबर सेल की संयुक्त टीम ने 72 घंटे के भीतर न सिर्फ मामले का खुलासा किया है अपितु हमलावर युवकों सहित प्लानिंग करने वाले और घटना को अंजाम देने के लिए हमलावरों को पैसे देने वालों को भी गिरफ्तार किया है ।

बीते 21 अगस्त को उरांवपारा निवासी युवती रमा उरांव पर सोते समय अज्ञात युवकों द्वारा सुबह उस वक्त हमला किया गया था जब उसकी मां बाथरूम की ओर गई थी। युवती के बताए अनुसार हमले के लिए घुसे युवकों ने सबसे पहले युवती का मुंह दबा दिया और धारदार हथियार से उस पर हमला किया पर मुंह पर हाथ पड़ते ही युवती जाग गई और उसने दांतों से युवक की उंगलियों को काटा जिससे हमलावर सफल न हो सके और भाग निकले।घटना में घायल युवती के दांत टूट गए और गले में चोट आई थी । युवती ने घटना का वृतांत अपनी मां और परिजनों को बताया और थाने में शिकायत दर्ज करवाई जिस पर घर घुसकर हत्या कर हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट सहित सुसंगत धाराओं पर अपराध दर्ज किया गया । घटना की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करते हुए तत्काल थाना घरघोड़ा प्रभारी निरीक्षक शरद चंद्रा अपनी टीम के साथ घटनास्थल पहुंचकर जांच शुरू किए । पीड़िता के बताए तथ्यों के आधार पर साइबर सेल को बुलाकर टेक्निकल डाटा इकट्ठा किया गया तथा सीसीटीवी भी खंगाले गए ।

इसी क्रम में पीड़िता की भाभी की संदेहास्पद भूमिका परिलक्षित होने पर जब हिकमत अमली से पूछताछ की गई तो सारा मामला खुला जिस पर रमा की भाभी धनकुंवर तिग्गा ने अपने खुलासे में बताया कि उसका पति रामलाल एसईसीएल कर्मचारी है जिसकी तीन बहने हैं

रास्ते से हटाने रायगढ़ निवासी युवकों को दी गई एक लाख में सुपारी

उनमें से बाकी दो की शादी हो चुकी है और रमा बस अविवाहित बची है, शादी होकर आने के कुछ साल बाद से ही इसकी सास रंगवती और इसकी ननद रमा अक्सर खेत मकान और जमीन के बंटवारे को लेकर झगड़ा विवाद करते रहते हैं और इसके घर के ठीक सामने रहते हैं चूंकि रमा की शादी भी नहीं हो रही थी इसलिए एक दिन तंग आकर जब उसने *अपनी छोटी बहन दिशा भगत* से इस बारे में चर्चा की तो दोनों ने मिलकर रमा को रास्ते से हटाने का प्लान बनाया और दिशा भगत जो बेंगलुरु में रहकर नर्स का काम करती है उसके परिचित *रायगढ़ निवासी राजू गुप्ता* से संपर्क करवाया जो 3 अगस्त को धनकुंवर तिग्गा से मोबाइल के जरिए संपर्क करके घरघोड़ा मिलने पहुंचा जहां रेकी करवाने और बातचीत के बाद रमा को जान से करने का सौदा ?1,00,000 में इन लोगों ने तय किया जिनके करीब एक हफ्ते बाद राजू गुप्ता दोबारा जाकर ?50,000 नगदी एडवांस लेकर गया बाकी रकम कम होने के बाद देने का तय किया गया। घटना दिनांक की पूर्व रात्रि 20 अगस्त को राजू गुप्ता अपने *दो अन्य साथी विकास चक्रवर्ती उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम हमीरपुर थाना तमनार और मनिकेतन सिदार उम्र 25 वर्ष ग्राम गैरबहरी थाना तमनार* के साथ मोटरसाइकिल से घरघोड़ा आकर पीड़िता की भाभी दनकौर तिग्गा के पास रुका और मौका देखकर सामने रह रही राम के कमरे में घुसकर उस पर हमला किया गया हमले के दौरान रमा के पलटवार से हड़बड़ा कर हमलावर भाग निकले इसके बाद हड़बड़ा कर धनकुंवर ने भी अपने मोबाइल का सिम निकाल कर तोड़ दिया और उसके बाद हमलावरों को अंडरग्राउंड होने और संपर्क नहीं करने को कहा । आरोपीय धन कुंवर के बयान के आधार पर हमले के लिए रकम लेने वाले और हमले में शामिल राजू गुप्ता विकास चक्रवर्ती और मिनकेतन सिदार को साइबर सेल के साथ मिलकर अलग-अलग ठिकानों से हिरासत में लेकर घटना में प्रयुक्त हथियार और वाहन भी बरामद कर लिए गए हैं ।

एसएसपी सदानंद कुमार के दिशा-निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा व सुपरविजन अधिकारी एसडीओपी धरमजयगढ़/ सायबर सेल पर्यवेक्षण अधिकारी दीपक मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन पर पूरे मामले के खुलासे और आरोपियों की धर पकड़ में थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक शरद चंद्रा के नेतृत्व में एएसआई राजेश मिश्रा, एएसआई रामसजीवन वर्मा, एएसआई विलफ्रेड मसीह, आरक्षक प्रहलाद भगत, सुमीत उराँव, भानुप्रताप चंद्रा सायबर सेल के प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, दुर्गेश सिंह, आरक्षक महेश पंडा, प्रशांत पंडा, विक्रम सिंह और नवीन शुक्ला की अहम भूमिका रही है ।

गिरफ्तार आरोपी

धनकुंवर तिग्गा पति रामलाल तिग्गा उम्र 40 वर्ष सा. वार्ड क्र. 03 उरांवपारा घरघोड़ा, थाना घरघोड़ा, राजु गुप्ता पिता बालेश्वर गुप्ता उम्र 22 वर्ष सा. सेन्ट्रल स्कूल के पीछे हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी क्वाटर नं.38 रायगढ़, थाना सिटी कोतवाली, विकास चक्रवर्ती पिता अनुप चक्रवर्ती उम्र 23 वर्ष सा. हमीरपुर थाना तमनार, मिनकेतन सिदार पिता लक्ष्मीराम सिदार उम्र 25 वर्ष सा. गौरबहरी थाना तमनार

एक नजर

विधानसभा निर्वाचन हेतु जिला स्तरीय आबकारी नियंत्रण कक्ष किया गया

कोण्डागांव। आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के पूर्व तैयारी हेतु जिला स्तरीय आबकारी नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) स्थापित किया गया है। इस नियंत्रण कक्ष में कोण्डागांव के आम नागरिकों द्वारा अवैध मदिरा एवं मदिरा दुकानों से संबंधित शिकायतों को सूचित किया जा सकता है। सभी शिकायतों का नियंत्रण कक्ष द्वारा त्वरित निराकरण किया जायेगा। इस हेतु नियंत्रण कक्ष दूरभाष नम्बर 07786-242481 को जारी किया गया है। यह नियंत्रण कक्ष सप्ताह में प्रतिदिन 24 घण्टे संचालित किया जायेगा।

स्कूलों में आयुष्मान कार्ड निर्माण हेतु 26 अगस्त को पालकों की बुलाई गयी बैठक

कोण्डागांव। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में एवं जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी के निर्देशानुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों किवईबालेंगा, मसोरा, चिलपुटी, बुनागॉव, बनियागॉव, दहिकोंगा, मर्दापाल, सोनाबाल, सम्बलपुर, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय महात्मागांधी वार्ड कोण्डागांव स्कूल के विद्यार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है। इस संबंध में स्कूलो में 26 अगस्त 2023 को शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं तथा पालकगणों की बैठक आयोजित की गयी है। जिसमें प्रशिक्षित शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं द्वारा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के सहयोग से विद्यार्थियों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया जावेगा। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 आरके सिंह ने अपील की है कि ऐसे विद्यार्थियों जिन्होने अभी तक आयुष्मान कार्ड नहीं बनावाये हैं। वे पालकगणों के साथ अपना राशन कार्ड, आधार कार्ड एवं मोबाईल नम्बर लेकर अपने स्कूल में आयुष्मान कार्ड बनवा सकतें है।

जिले के सभी ग्राम पंचायत में ई.व्ही.एम.एवं वीवीपैट का किया जा रहा लगातार प्रदर्शन

दन्तेवाड़ा । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनीत नंदनवार के निर्देशानुसार दंतेवाड़ा जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन ई.व्ही.एम. एवं वीवीपैट का प्रदर्शन निरंतर जारी है, इस प्रदर्शन से जिले के आम नागरिकों को ई.व्ही.एम. में अपने मताधिकार के कार्य प्रणाली के संबंध में जानकारी प्राप्त हो रही है। इस दौरान मौके पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन प्रदर्शन केंद्र में मतदाताओं को वोटिंग मशीन का बटन दबाकर वोट डालने का प्रयोग कराया जा रहा है। इससे सभी मतदान केंद्रों में ईव्हीएम वोटिंग मशीन का व्यापक प्रचार-प्रसार हुआ है। गौरतलब है कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत प्रदर्शन में समावेशी, सुगम एवं सहभागी निर्वाचन के तहत वोटर वेरीफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल यानी वीवीपैट व्यवस्था के तहत वोट डालने के तुरंत बाद कागज की एक पर्ची बनती है। इस पर्ची पर जिस उम्मीदवार को वोट दिया है, उनका नाम और चुनाव चिन्ह छपा होता है। यह पर्ची वीवीपैट के स्क्रीन पर वोटर को 07 सेकेण्ड तक दिखने के पश्चात वीवीपैट के बॉक्स में कटकर गिरती है। इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री कुमार बिश्वरंजन ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन के तहत स्वीप में लगातार कार्यक्रम किया जा रहा है।

इसके तहत जिले में अब तक ग्राम पंचायत टेकनार, साप्ताहिक बाजार दन्तेवाड़ा, लक्ष्य प्रशिक्षण केन्द्र, लाईवलीहुड कॉलेज, स्वराज भवन गीदम, पीजी कॉलेज, डैनेक्स गारमेन्ट फैक्ट्री हारम, बारसूर, साप्ताहिक बाजार बारसूर, शारदा ईशा सिनेमा हॉल, शासकीय महेन्द्र कर्मा महा विद्यालय, ग्राम पंचायत छिंदनार, बड़े सुरखी कासौली, चन्देनार, घोटपाल, कारली, बड़े गुडरा, रेंगानार, मैलावाड़ा, यात्री प्रतीक्षालय, किरन्दुल, मोखपाल, ऑडिटोरियम जावंगा, जैसे स्थानों में स्वीप कार्यक्रम द्वारा मतदाता जागरूकता चलाया गया है। इसके अन्तर्गत 1960 लोगों ने (महिला 1036 एवं पुरुष 924) इसका अवलोकन व अभ्यास किया। इसमें सम्भावित जनसमूह की संख्या 11560 रही। इसके अलावा इसी तरह कलेक्टोरेट स्थित ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र में अब तक 836 लोगों के द्वारा ईवीएम में मतदान कर मशीन प्रदर्शन का लाभ उठाया गया।

इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुरेंद्र कुमार ठाकुर ने बताया कि इसके अंतर्गत मतदाताओं को ई.व्ही.एम. एवं वीवीपैट मशीन तथा मतदान केन्द्र में मतदान प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए कलेक्टोरेट में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन प्रदर्शन केन्द्र की स्थापना की गई है। इसके अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन प्रदर्शन केन्द्रों में बड़ी संख्या में लोग ई.व्ही.एम. एवं वीवीपैट मशीन के कार्य पद्धति के अवलोकन करने हेतु पहुंच रहे है।

रक्षाबंधन के त्यौहार के अवसर पर होटलों में मिठाइयों की हुई जाँच

कोण्डागांव। रक्षाबंधन त्यौहार को ध्यान में रखते हुए होटलों में मिठाइयों, दूध, तेल एवं बेसन इत्यादि की जाँच की जा रही है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डीके देवांगन द्वारा चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से लगातार तीन दिनों तक जिले के विभिन्न मिठाई दुकानों की जांच की गई। कोण्डागांव के लगभग सभी मिठाई दुकानों सेठिया होटल, राजपुरिया डेयरी, सुनीता होटल, लाला होटल, न्यू संजय स्वीट्स, संगम स्वीट्स, मिष्ठी होटल एवं डेयरी से दूध, पनीर, पेड़ा, कलाकंद, बुदी लड्डू, बेसन लड्डू, गुलाब जामुन आदि मिठाईयों की जांच की गई। जांच में खाद्य सामाग्री सही न पाये जाने की आशंका पर सेठिया होटल से बर्फी और सुनीता होटल से कलाकंद का नमूना लेकर जाँच हेतु भेजा गया। कोण्डागाव के अलावा बनियागांव, फरसगांव,

केशकाल, माकडी आदि स्थानों के मिठाई दुकानों, होटल, डेयरी, डलीनीडस और किराना दुकानों से मिठाई, दूध और अन्य खाद्य सामाग्रियों की जांच की गई और फरसगाव के मंशा होटल से पेड़ा और विश्रामपुरी के पूर्णिमा होटल से बर्फी का नमूना लेकर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया। चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से दूध, पनीर, मिठाई, बेसन, मसाले, तेल चाट गुपचुप ठेलों के मसाले, चटनी आदि खाद्य सामग्रियों के कुल 179 नमूनों की जाँच की गई। बिना लेबल के बिक रही पैक्ड गुलाबजामुन को मौके पर नष्ट कराया गया और सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं को ऐसी मिठाई न बेचने मिलावट रहित और मानक स्तर का मिठाई निर्माण करने साफ-सफाई एवं स्वच्छता का ध्यान रखने न्यूज पेपर का उपयोग न करने के निर्देश दिये गये।

शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश दिलाने का

कॉलर ने कई लोगों को किया कॉल

रायपुर। छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर स्थित शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश दिलाने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित तुलसीराम साहू की शिकायत पर राखी थाने की पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। अज्ञात फोनधारक स्कूल द्वारा जारी सूची से मोबाइल नंबर और नाम निकाल कर अभिभावकों को फोन कर प्रवेश दिलाने के नाम पर कई लोगों से ठगी की है। कई लोगों को कॉल कर रुपए की मांग की गई। राखी पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार इस संबंध में तुलसीराम साहू ने शिकायत दर्ज कराई है। तुलसी राम से प्रवेश के नाम पर लगभग आठ हजार रुपए ठग लिए गए। ठगों ने

2023-24 में शासकीय प्रयास आवासीय विघालय के प्रवेश के लिए जारी परीक्षा परिणाम की सूची से नाम एवं मोबाईल नंबर की चोरी कर कु दीक्षा के पिता को मोबाइल नं. 8240183104 से प्रयास विघालय मे प्रवेश के लिए 10000 रूपए की मांग की गई। साथ ही कु अदिति कौशिक के पिता चंद्रशेखर कौशिक को मोबाइल नं. 9477605430 एवं 8961833829 से कॉल कर प्रयास विघालय मे प्रवेश के लिए 10000 रूपए की मांग की गई। अन्य मोबाइल नंबर 7331357544 6, 9136562253 एवं 8961302267 से भी अभिभावकों को कल कर पैसों की मांग की गई है।

इसके बाद रवि कुमार साहू पिता सेमंत कुमार साहू (मोनं 8966857588) ग्राम रीवागहन जिला बालोद से मोबाइल नंबर 8585827091 के कॉलर द्वारा मांग करने पर उनके द्वारा 5000 रुपए फोन पे किया गया। इसके बाद 8252183362 पर 293 व 600 एवं 1700 रूपए फोन पे किया गया है। इसके बाद पता चला कि कॉलर द्वारा इस तरह से धोखाधड़ी की गई है। इस मामले में शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जिले में घुमंतू पशुओं को लगाया जा रहा रेडियम बेल्ट और टैग

जांजगीर-चांपा / कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन पर जिले में सड़क दुर्घटनाओं में रोकथाम करने के लिए घुमंतू पशुओं को टैग और रेडियम बेल्ट लगाए जा रहे। पशुधन विकास विभाग के उपसंचालक डॉ. ए. एल. सिंह द्वारा बताया गया कि घुमन्तु पशुओं की सुरक्षा के तारतम्य मे जिले के सभी प्रमुख राजमार्गो हेतु 35 अलग-अलग विभागीय दल गठित कर पशुओं को सड़कों से हटाकर गौठानों, गौशालाओं तथा अस्थायी शेल्टर में व्यवस्थापन का कार्य किया जा रहा है। साथ

ही सड़कों पर इनके बैठने या आने से रात में वाहन चालको को दूर से पशुओं के होने का आभास हो सके तथा पशुओं व आम नागरिकों को दुर्धटना की संभावनाओं से बचाये जाने की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुये इन्हें रेडियम रिफ्लेक्टीव बेल्ट लगाकर टैगिंग लगाये जाने की कार्यवाही लगातार जारी है। उपसंचालक द्वारा बताया गया कि जिले मे अब तक लगभग 700 पशुओं मे रेडियम रिफ्लेक्टीव बेल्ट तथा 811 पशुओं मे टैगिंग किया जा चुका है एवं उक्त कार्य अनवरत जारी है।

जी.एल. साहू ने संभाली खरसिया चौंकी की कमान

जोहार छत्तीसगढ़- खरसिया।

खरसिया चौंकी में चौंकी प्रभारी के रूप में उप निरीक्षक जी.एल साहू ने पदभार संभाल लिया है। उप निरीक्षक जी.एल.साहू इससे पूर्व धमतरी जिले में पदस्थ थे। चौंकी प्रभारी के रूप में अनुभवी अधिकारी की पदस्थापना से अपराध दरों में निश्चित तौर पर कमी आयेगी। नये चौंकी प्रभारी से उम्मीद जगी है कि वे आम जनता से मधुर संबंध बना कर अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने में सफ्ल होंगे। बहरहाल नगर में हो रही चोरियों को रोकना तथा खरसिया नगरवासियों को भय मुक्त वातावरण उपलब्ध कराना नए चौंकी प्रभारी के लिए उतना आसान भी नहीं होगा। गौरतलब है कि पुलिस कप्तान ने धमतरी से आये अनुभवी उप निरीक्षक जी.एल. साहू को खरसिया चौंकी की कमान सौंपी है। रायगढ़ जिले में यह उनकी पहली पदस्थापना है।

आरक्षक के रूप में अपनी पारी की शुरूआत करने वाले उप निरीक्षक जी.एल.साहू 25 वर्षों से पुलिस विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे है। उन्होंने धमतरी जैसी जगह पर लंबे समय तक अपनी सेवाएं दी है। इससे पूर्व वे खल्लारी थाना प्रभारी के रूप में भी अपनी सेवाएं दे रहे थे। वे जगदलपुर, कोण्डा गांव धमतरी जैसी जगहों में कार्य कर चुके हैं। उप निरीक्षक जी एल साहू खरसिया चौंकी की कमान संभालते हुये नगर के पत्रकारों से रूबरू हुये तथा क्षेत्र तथा क्षेत्रवासियों के व्यवहार एवं पीड़ितों के कमजोर मनोबल के कारण बढ़ते अपराधों के संबंध में चर्चा की। पत्रकारों से चर्चा करते हुये नव पदस्थ चौंकी प्रभारी ने कहा की खरसिया मेरे लिये नयी जगह है, यहां आम जनता के सहयोग से उनके साथ मधुर संबंध बना कर कानून के प्रति व्याप्त भ्रम को दूर करना, पुराने लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के साथ साथ अधिकारीयों के मार्गदर्शन पर कार्य करते हुये अपराध तथा अपराधियों पर अंकुश लगाकर पूरे क्षेत्र में कानून व्यवस्था और पुलिस के प्रति भरोसा पैदा करना मेरी प्राथमिकता है। साथ ही चौंकी क्षेत्र में चल रहे जुआ, सट्टा, शराबखोरी जैसी सामाजिक बुराईयों को भी बहुत शिद्दत के साथ समाप्त किया जायेगा। अनुभवी अधिकारी की पदस्थापना से जहां नगर के अपराधियों में हडकंप व्याप्त है वहीं क्षेत्रवासियों में उम्मीद जगी है कि नगर के अपराध में निश्चित तौर पर कमी आयेगी, अपराधियों के हौंसले पस्त होंगे और क्षेत्र में अमन चैन कायम होगा।

कसडोल विधानसभा से प्रदेश संयोजक अजा विभाग महेश ढ़ीढ़ी ने पेश की दावेदारी

जोहार छत्तीसगढ़ - बलौदाबाजार ।

विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने 17 अगस्त से 22 अगस्त तक विधायक पद के दावेदारी के लिए ब्लाकों में आवेदन करने के समय निर्धारित किया था कांग्रेस के प्रदेश संयोजक अजा विभाग महेश ढ़ीढ़ी ने ब्लाक कांग्रेस कमेटी पलारी अध्यक्ष सुनील कुर्रे के पास अपना आवेदन प्रस्तुत कर दावेदारी पेश की।

महेश ढ़ीढ़ी 1997-98 से कांग्रेस के प्राथमिक सदस्य के रूप में जुड़कर 26 सालों से पार्टी के विभिन्न पदों पर रहकर पार्टी एवं क्षेत्र के लोगों बीच अपनी सेवाएं दे रहे हैं वो 2000 में छात्र राजनीति में अनुसूचित जाति जनजाति छात्र संगठन ब्लाक पलारी अध्यक्ष रहें 2001 से अब तक पार्टी के विभिन्न पदों जिसमें सचिव ब्लाक कांग्रेस कमेटी पलारी,विशेष आमन्त्रित सदस्य

ब्लाक कांग्रेस कमेटी, जिला कांग्रेस कमेटी सेवादल बलौदाबाजार में संगठन मंत्री,मीडिया प्रभारी, सेवादल दल कांग्रेस में प्रदेश शोसल मीडिया प्रभारी, प्रदेश संयुक्त सचिव कांग्रेस सेवादल ,विधानसभा चुनाव सेवादल की ओर से बलौदाबाजार एवम कसडोल विधानसभा में प्रभारी, अनुसूचित जाति जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर में सचिव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, प्रदेश सचिव वर्तमान में प्रदेश संयोजक अजा विभाग है पलारी मुख्यालय से देशबंधु, नई दुनिया ,नवप्रदेश जैसे प्रतिष्ठित अखबार के पत्रकारिता से भी जुड़े रहे है ।प्रेस क्लब पलारी के पूर्व अध्यक्ष रह चुके है ।साथ ही सामाजिक क्षेत्र में भी सन 2000 से अब तक विभिन्न पदों में जिसमे अध्यक्ष सतनामी युवा संगठन पलारी, प्रगतिशील छ ग सतनामी समाज मे जिला मिडिया प्रभारी, संरक्षक, सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति में जिलाध्यक्ष, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी, वर्तमान में प्रदेश मिडिया प्रभारी ,संरक्षक एवं सलाहकार अजा अजजा छात्र संगठन छ ग है । साथ ही श्रम विभाग बलौदाबाजार के सदस्य ,सोनिया गांधी एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष, मानवाधिकार संगठन जिला बलौदाबाजार के उपाध्यक्ष रह चुके है ।इन्होंने सामाजिक संगठनों से जुड़कर अब तक 400 निर्धन कन्याओं का नि:शुल्क विवाह भी कराया है । इसके पूर्व 2013 में कांग्रेस के प्रबल दावेदार रहे महेश ढ़ीढ़ी मृद भाषी, कुशल रणनीति कार समाज सेवी, शासन प्रशासन की योजनाएं कानून कायदों एवं शासन के नियम कायदों के बहुत अच्छे जानकार हैं युवाओं महिलाओं बुजुर्ग हर वर्ग के साथ जुड़े हुए हैं उनका जनता एवं कार्यकर्ताओ के साथ परिवार जैसा संबंध है साथ ही विपक्षी दलों के साथ भी अच्छा व्यवहार एवं साकारात्मक विचार धारा सोच से कार्य करते इसीलिए इनका हर वर्गों बीच व्यावहारिक संबंध है। साफ स्वच्छ छवि के साथ जनता और कार्यकताओं के बीच कार्य करने का दो दशक से भी अधिक का लंबा अनुभव है। इनके दावेदारी से क्षेत्र की जनता और कार्यकर्ताओं में अपार हर्ष है टिकट की मांग करते हुए कहा कि विगत 25 वर्षों से निरन्तर कांग्रेस पार्टी में रहकर पार्टी के विभिन्न पदों पर रहकर निष्ठा पूर्वक कार्य कर रहे हूँ कांग्रेस के विभिन्न आंदोलन में लगातार भाग लेकर पार्टी के निर्देश पर चलते हुए कार्य कर रहे है पार्टी 25 वर्षों के सेवा को ध्यान में रखते हुए उनको टिकट देती है तो क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध रहते हुए सब के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करेंगे ।

प्रियंका चोपड़ा की लव अगेन ओटीटी रिलीज के लिए तैयार

बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक अपनी सफलता का परचम लहराने वाली प्रियंका चोपड़ा की फिल्म लव अगेन 5 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसमें सैम ह्यूगन भी मुख्य भूमिका में हैं।फिल्म को समीक्षकों और दर्शकों की ओर से मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिली थी, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।अब लव अगेन अपनी ओटीटी रिलीज के लिए तैयार है।इसका प्रीमियर 20 सितंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर किया जाएगा। लव अगेन अमेजन प्राइम वीडियो पर भी उपलब्ध है। प्राइम वीडियो पर 79 रुपये में यह फिल्म आप रेंट पर ले सकते हैं।इसका निर्देशन जेम्स सी स्ट्रॉस ने किया है।

तेरी आदत 2 के लिए उत्साहित हूं अनुष्का सेन

सिद्धार्थ निगम के साथ तेरी आदत 2 में अभिनय करने वाली अभिनेत्री अनुष्का सेन का कहना है कि वह अपने आगामी गीत को लेकर उत्साहित हैं और दोनों ने इसे बड़ा बनाने के लिए काम किया है। अनुष्का सेन और सिद्धार्थ निगम को मुंबई में डिनर आउटिंग के दौरान देखा गया। बातचीत करते हुए, दोनों ने अपने तीसरे गाने तेरी आदत 2 के बारे में बात की।

गाने के बारे में बात करते हुए अनुष्का सेन ने कहा, तेरी आदत को बहुत प्यार और सराहना मिली, अब तेरी आदत 2 आ रही है, प्रशंसक बेसब्री से गाने का इंतजार कर रहे थे, हम दोनों गाने को लेकर उत्साहित हैं। हम दोनों ने गाने पर बहुत मेहनत की है और यह बहुत अच्छा लग रहा है।

सिद्धार्थ निगम और अनुष्का सेन ने गल करके और तेरी आदत म्यूजिक वीडियो किए हैं, दोनों ही प्रशंसकों के बीच काफी हिट रहे।

टीज़र को मिली प्रतिक्रिया के बारे में बात करते हुए, सिद्धार्थ ने कहा, टीज़र को जिस तरह की प्रतिक्रिया मिल रही है, उससे मैं खुश हूं, हमने इसे बड़ा बनाने के बारे में सोचा, सब कुछ दोगुना होगा, मज़ा और सब कुछ। तो, गाना रिलीज़ होने तक इंतज़ार करें।

तेरी आदत 2 को अभि दत्त ने गाया और कंपोज किया है, गाना असीम अहमद अब्बासी ने लिखा है, गाने में हर्ष शर्मा भी हैं। गाना जल्द ही रिलीज होगा.

42 साल की श्वेता तिवारी की हॉटनेस ने किया हैरान

कैमरे के सामने दिखाया कर्वी फिगर

टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपनी अदाकारी का जादू लंबे समय से देशभर के दर्शकों पर चलाया है. एक्ट्रेस ने अब तक के करियर में यह तो साबित कर ही दिया है कि वह किसी भी तरह के किरदार में बखूबी खुद को ढाल सकती है.

अपनी अदाकारी के अलावा श्वेता ने अपनी सिजलिंग अदाओं का जादू भी हर किसी पर चलाया है. अब एक बार फिर से एक्ट्रेस का ग्लैमरस अंदाज देखने को मिला है. श्वेता अपने चाहने वालों के साथ जुड़ी रहने के लिए सोशल मीडिया पर भी एक्टिव रहती हैं. अक्सर वह फैंस के साथ अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ पर्सनल लाइफ की झलक भी शेयर करती रहती हैं. अब उन्होंने फिर फैंस के साथ नया लुक शेयर किया है. फोटोज में श्वेता चेक प्रिंट वाला लोअर और स्लीवलेस क्रॉप टॉप पहने हुए नजर आ रही हैं. श्वेता ने अपने इस लुक को मिनिमल मेकअप से कंप्लीट किया है. एक्ट्रेस ने सटल बेस के साथ न्यूड लिप शेड और न्यूड आईज रखी है. इसके साथ श्वेता ने बालों को ओपन रखा है और गोल्ड हूप ईयररिंग्स पहने हैं. एक्ट्रेस इस लुक में भी बहुत खूबसूरत और अट्रैक्टिव दिख रही हैं. अब फैंस की नजरें उन पर टिकी रह गई हैं. श्वेता की इन अदाओं को देखकर यकीन ही नहीं किया जा सकता कि वह 42 साल की हो चुकी हैं और 2 बच्चों की मां हैं. एक्ट्रेस की 22 साल की बेटी पलक तिवारी भी बॉलीवुड में डेब्यू भी कर चुकी हैं. वहीं, श्वेता ने आज भी खुद को बहुत फिट रखा है. अपने कर्वी फिगर से वह सबके होश उड़ा देती हैं और बोल्डनेस से किसी भी एक्ट्रेस को टक्कर दे सकती हैं।

शिल्पा शेट्टी ने किया अपनी नई फिल्म सुखी का ऐलान, रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा

एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी की अपकमिंग फैमिली एंटरटेनर फिल्म सुखी 22 सितंबर को रिलीज होने वाली है। फिल्म के निर्देशक सोनल जोशी हैं। सुखी 38 वर्षीय पंजाबी गृहिणी सुखप्रीत सुखी कालरा और उसके दोस्तों की कहानी है, जो 20 साल बाद अपने स्कूल रियूनियन में भाग लेने के लिए दिल्ली जाते हैं।

फिल्म में सुखी ढेर सारे अनुभवों और भावनाओं से गुज़रते हुए, एक पत्नी और एक मां के बाद फिर से अपने 17 वर्षीय वर्जन को जी रही हैं। शिल्पा ने इंस्टाग्राम पर अपकमिंग फिल्म का पोस्टर शेयर किया और लिखा, ये कहानी है मेरी, आपकी, हम सबकी। मिलिए आपकी ही जैसी, सुखप्रीत कालरा यानी की सुखी से

और आइए मेरी दुनिया में, 22 सितंबर सिर्फ सिनेमाघरों में। यह फिल्म सोनल जोशी के निर्देशन की पहली फिल्म है और भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, विक्रम मल्होत्रा और शिखा शर्मा द्वारा निर्मित है। इसमें शिल्पा के साथ कुशा कपिला, दिलनाज ईरानी, पवलीन गुजराल, चैतन्य चौधरी और अमित साध हैं। फिल्म को राधिका आनंद ने लिखा है, जबकि स्क्रीनप्ले पॉलोमी दत्ता ने लिखी है।

सनी देओल की गदर 2 ने उड़ाया गर्दा, 400 करोड़ के क्लब में हुई शामिल

सनी देओल की फिल्म गदर 2 धमाल मचा रही है. फिल्म आए दिन कमाई के रिकॉर्ड तोड़ रही है. गदर 2 बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई कर रही है. सनी देओल का हथौड़ा चल गया है और गदर 2 बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ा रही है. गदर 2 अब 400 करोड़ के क्लब में शामिल हो गई है. फिल्म ने 12 दिन में ही 400 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है.सनी देओल

और अमीषा पटेल एक बार फिर फैंस का दिल जीतने में कामयाब हो गए हैं. आइए आपको बताते हैं कि बारहवे दिन गदर 2 ने कितना कलेक्शन किया है. गदर 2 के कलेक्शन की बात करें तो पहले दिन से ही ये फिल्म शानदार कमाई कर रही है. ओपनिंग डे पर गदर 2 ने 40.10 करोड़ का कलेक्शन किया था. जिसके बाद से फिल्म रोजाना अच्छा कलेक्शन कर रही है. गदर 2 पहले वीकेंड तक 200 करोड़ के क्लब में शामिल हो गई थी.

नवाजुद्दीन सिद्दीकी की हड्डी का ट्रेलर जारी, जी5 पर 7 सितंबर को रिलीज होगी फिल्म

नवाजुद्दीन सिद्दीकी हाल ही में फिल्म टीकू वेड्स शेरू में नजर आए थे। फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई थी, लेकिन लोगों को पसंद नहीं आई। वहीं अब एक बार फिर नवाज अपने नए रूप में आने के लिए तैयार है, जिसका लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। एक्टर की नई फिल्म हड्डी का शानदार ट्रेलर रिलीज हुआ है। फिल्म मेकर्स ने हड्डी का ट्रेलर रिलीज किया। फिल्म हड्डी के 2.25 सेकंड के ट्रेलर की शुरुआत कमरे की दीवार पर लगी ट्रांसजेंडर की तस्वीरें, लाल साड़ी पहने और हाथ में तेज धार वाला छुरा लिए

नवाजुद्दीन सिद्दीकी नजर आ रहे हैं। ट्रेलर में नवाज एक से बढ़कर एक दमदार डायलॉग बोलते नजर आ रहे हैं, जिसमें वो कहते हैं, हमारा आशीर्वाद बहुत शक्तिशाली होता है और हमारा श्राप बहुत भयावह, और उससे भी भयावह जानते हो क्या होता है, हमारा बदला.। ट्रांसजेंडर बनकर नवाज कई खून करते नजर आ रहे हैं। नवाजुद्दीन ने अपने इस किरदार से एक बार फिर सभी को हैरान कर दिया है।

यह फिल्म नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म हड्डी सिनेमाघरों में नहीं बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर 7 सितंबर को रिलीज होगी। बता दें, नवाजुद्दीन सिद्दीकी के फिल्म से अब तक तीन से 4 ट्रांसजेंडर लुक भी सामने आ चुके हैं। इस फिल्म का डायरेक्शन अक्षत अजय शर्मा ने किया है, जबकि जी स्टूडियो द्वारा प्रोड्यूस किया गया है।

खेल

कोपेनहेगन। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय मेंस डबल्स जोड़ी ने गुरुवार को डेनमार्क के कोपेनहेगन में खेली जा रही वर्ल्ड चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। सात्विक-चिराग ने मेंस डबल्स में इंडोनेशिया के लियो रोली कारनांडो और डैनियल मार्थिन पर तीन गेम में 2-1 से हराया। मुकाबला एक घंटे से कुछ अधिक समय तक चला। जोड़ी का अगला मुकाबला डेनमार्क के 11वीं वरीयता प्राप्त किम एस्ट्रुप और एंडर्स स्कारुप रासमुसेन से होगा।

सात्विक-चिराग की जोड़ी BWF वर्ल्ड चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में पहुंची

इंडोनेशियाई जोड़ी को 2-1 से हराया एचएस प्रणय भी मेंस सिंगल्स में जीते

दूसरी ओर मेंस सिंगल्स में एच एस प्रणय भी राउंड ऑफ 16 में जीत गए। क्वार्टर फाइनल के लिए लड़ाई में नौवीं वरीयता प्राप्त एच एस प्रणय ने वर्ल्ड रैंकिंग में सातवें नंबर के सिंगापुर के खिलाड़ी लोह कीन यू को तीन गेम में 18-21, 21-15 और 19-21 से दो गेम हरा कर जीत हासिल की। चिराग ने बहुत शानदार तौर पर प्रदर्शन किया और अटैक को बचाया। साथ ही ऑप्पोनेन्ट की गलती का फायदा उठाते हुए पॉइंट्स भी निकाले। सात्विक-चिराग की शुरुआत धीमी रही लेकिन दोनों ने जल्द ही आगे बढ़कर गेम पर कंट्रोल कर लिया।जोड़ी ने पूरे समय क्रॉस कोर्ट गेम खेला। इसमें कोर्ट की दोनों तरफ शटलर्स ने शॉट लगाए।

इंडोनेशियाई जोड़ी ने कुछ पॉइंट्स के साथ वापसी करने की कोशिश की, लेकिन भारतीयों के डिफेन्स को नहीं तोड़ सके। जल्दी ही सात्विक-चिराग 15-10 से आगे हो गए। तेजी से बढ़ते बैकहैंड ने भारतीयों को 6 गेम पॉइंट दिए और 21-15 से जीत मिल गई।

दूसरे गेम में हारे, तीसरे में की वापसी

दूसरे गेम में सात्विक-चिराग ने पहले अच्छी शुरुआत की, लेकिन चिराग को अपने दाहिने घुटने के पास असुविधा महसूस होने लगी। जोड़ी 21-19 से हार गई। तीसरे गेम में सात्विक-चिराग ने आसानी से गेम जीत लिया। पहले स्कोर 4-4 से बराबर था। इसके बाद जोड़ी ने वापसी करते हुए आसानी से गेम 21-9 से जीत लिया। इसके साथ ही जोड़ी को क्वार्टरफाइनल का टिकट भी मिल गया।

लक्ष्य का अभियान हुआ खत्म

दूसरी ओर भारतीय स्टार शटलर लक्ष्य सेन का अभियान फ्री क्वार्टर फाइनल में ही खत्म हो गया। उन्हें थाईलैंड के कुनालवुत वितिदसार्न से हार का सामना करना पड़ा।

एक नजर

इंफोसिस के नए ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर बने राफेल नडाल

टेनिस स्टार प्लेयर का IT कंपनी के साथ 3 साल का करार, बोले- मैं बहुत एक्साइटेड हूं

नई दिल्ली। भारत की दिग्गज IT कंपनी इंफोसिस ने गुरुवार (24 अगस्त) को टेनिस के स्टार प्लेयर राफेल नडाल को अपना नया ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर बनाया। इस बात का ऐलान करते हुए कंपनी ने कहा कि नडाल उसके ब्रांड के साथ इंफोसिस डिजिटल इनोवेशन के लिए तीन साल तक एंबेसडर के तौर पर इंफोसिस के साथ जुड़े रहेंगे।

यह पहला मौका है, जब नडाल ने किसी डिजिटल सर्विस कंपनी के साथ करार किया है। कंपनी ने नडाल के साथ तीन साल की साझेदारी पर हस्ताक्षर किए हैं। इंफोसिस ने एक बयान में कहा कि वह और नडाल की कोचिंग टीम एक साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित मैच एनालिसिस टूल बना रही हैं। यह टूल नडाल की टीम को उनके मुकाबलों के दौरान एक्चुअल टाइम पर ही डेटा के एनालिसिस की सुविधा देगा।

दुनिया में मोस्ट रिस्पेक्टेड प्लेयर्स में से एक हैं नडाल: इंफोसिस ष्टश्वह

इंफोसिस के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (CEO) और मैनेजिंग डायरेक्टर (MD) सलिल पारेख ने नडाल के कंपनी के साथ जुड़ाव को एक सम्मान बताते हुए कहा कि वह दुनिया में मोस्ट रिस्पेक्टेड प्लेयर्स में से एक हैं।

खेल मंत्रालय ने तेजस्विन शंकर के लिये पोल वॉल्ट लैंडिंग पिट खरीदने को मंजूरी दी



नयी दिल्ली । खेल मंत्रालय की मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने आगामी एशियाई खेलों के लिये राष्ट्रमंडल पदक विजेता तेजस्विन शंकर की तैयारी को लेकर यहां जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में 'पोल वॉल्ट लैंडिंग पिट' खरीदने के लिये वित्तीय सहायता को मंजूरी दी है । हांगझोउ एशियाई खेलों में ऊंची कूद और डेकाथलन के लिये क्वालीफाई कर चुके शंकर 23 सितंबर से शुरू हो रहे खेलों तक अकेले इसका इस्तेमाल करेंगे । उसके बाद जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में अभ्यास करने वाले सभी खिलाड़ी इसका प्रयोग कर सकेंगे । मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार इसे खरीदने और लाने की लागत टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत वहन की जायेगी । तेजस्विन के अलावा एमओसी ने पिस्टल निशानेबाज राही सरनोबत को ब्राजील के रियो दि जिनेरियो में अभ्यास और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिये वित्तीय सहायता को मंजूरी दे दी है ।

राजेश्वरी ने भारत को दिलाया ओलिंपिक-2024 का 7वां शूटिंग कोटा

वर्ल्ड चैंपियनशिप में पांचवें स्थान पर रही, भारत का ओवरऑल 13 कोटा

बाकू। भारत की ट्रैप शूटर राजेश्वरी कुमारी ने बाकू में चल रहे ISSF वर्ल्ड चैंपियनशिप में गुरुवार को पांचवें स्थान पर रहकर देश को पेरिस ओलिंपिक के लिए सातवां शूटिंग कोटा दिलाया। राजेश्वरी ने दिग्गज प्रतिद्वंद्वियों के बीच फाइनल में जगह बनाई, लेकिन पदक से चूक गईं। फाइनल में वह 30 शॉट में 19 अंक ही हासिल कर सकीं। वह विमेंस की ट्रैप इवेंट में ओलिंपिक कोटा हासिल करने वाली शगुन चौधरी के बाद दूसरी भारतीय बनीं।

काश मैं पदक भी जीत पाती- राजेश्वरी

फाइनल के बाद उन्होंने कहा, मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। यह अविश्वसनीय है। आखिर कोटा मिल गया। काश मैं पदक भी जीत पाती लेकिन अच्छा लग रहा है। पेरिस ।

क्वालिफिकेशन दौर में 125 में से 120 अंक

पांचों क्वालिफिकेशन दौर में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करके 125 में से 120 अंक लेकर छह निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाई थी। भारत की मनीषा कीर और प्रीति रजक क्रमशः 23वें और 58वें स्थान पर रहीं। यह पेरिस गेम्स के लिए भारत का ओवरऑल 13वां कोटा है। अब तक शूटिंग से 7 और एथलेटिक्स से 6 कोटा मिल चुके हैं। भारत की नेशनल ओलिंपिक कमिटी के पास ओलिंपिक गेम्स में अपने एथलीट भेजने का अधिकार होता है।

दूसरे वनडे में 1 विकेट से जीता पाकिस्तान

अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज में 2-0 की बढ़त ली, गुरबाज का शतक काम न आया

हंबनटोटा। पाकिस्तान ने वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में अफगानिस्तान को एक विकेट से हराया। इस जीत से टीम ने 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। सीरीज का आखिरी मुकाबला 26 अगस्त को कोलंबो में खेला जाएगा। श्रीलंका के हंबनटोटा में अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान को 301 रन का टारगेट दिया। जवाब में पाकिस्तान ने 9 विकेट पर 49.5 ओवर में 9 विकेट पर जीत हासिल कर ली। नसीम शाह ने आखिरी ओवर की 5वी बॉल पर चौका लगाकर अपनी टीम को मैच जिताया।

ओपनर्स के बीच हुई 227 रन की पार्टनरशिप

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे अफगानिस्तान के

ओपनर रहमानुल्लाह गुरबाज (151 रन) ने शतकीय पारी खेली। उन्होंने इब्राहिम जादरान के साथ 227 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। जादरान 80 रन बना कर आउट हुए।

मोहम्मद नबी ने 29 रन और राशिद खान ने 2 रन बनाए। शहीदुल्लाह 1 रन बनाकर आउट हुए। टीम के कप्तान हशमतुल्लाह शहीदी 15 रन और अब्दुल रहमान 4 रन बना कर नॉटआउट रहे। पाकिस्तान की ओर से शाहीन शाह अफरीदी ने सबसे ज्यादा 2 विकेट झटके।

पाकिस्तान की गेंदबाजी फेल

इस मुकाबले में पाकिस्तान के गेंदबाज खास कमाल नहीं कर सके। टीम 40 ओवरों तक अफगानिस्तान का एक भी विकेट नहीं ले सकी। पहली सफलता उसामा मीर को मिली। उन्होंने इब्राहिम जादरान का विकेट लिया। शाहीन अफरीदी को 2, उसामा मीर और नसीम शाह को 1-1 विकेट मिला।

बाबर ने लगाया अर्धशतक

पाकिस्तान की पारी की शुरुआत फखर जमान और इमाम उल हक ने की। फखर ने 30 रन बना कर आउट हो गए। तीसरे नंबर पर बाबर आजम आए और इमाम के साथ 118 रन की साझेदारी की।

बच्चों को बचपन से ही सिखाना चाहिए बुजुर्गों का मान सम्मान करना-जिला न्यायाधीश

जिला न्यायालय में वरिष्ठ जनों के कल्याण से संबंधित विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार माता.पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 के तहत् वरिष्ठजनों को उनके अधिकारों के संबंध में जागरूक किए जाने के प्रयोजन से जिला न्यायालय परिसर के एडीआर भवन में जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डीएल कटकवार की अध्यक्षता में कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुश्री संघपुष्पा भतपहरीए अपर सत्र न्यायाधीश एफ टीसी ज्योति अग्रवाल, जिला न्यायालय के अन्य न्यायाधीश एवं जिले के विभिन्न अनुभागों के एसडीएम, जिला अधिवक्ता संघ के सदस्य सहित पैरालीगल वॉलिंटियर्स उपस्थित थे।

जिला न्यायाधीश कटकवार ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुभारंभ करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को वित्तीय सुरक्षा, कल्याण और संरक्षण देने के लिए माता.पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण और कल्याण एक्ट, 2007 लागू किया गया था। इस एक्ट में बच्चों से यह अपेक्षा की गई है कि वे अपने माता.पिता को मेंटेनेंस भरण.पोषण या गुजारा भत्ता, दें। साथ ही सरकार से यह अपेक्षा की गई है कि वह ओल्ड एज होम्स बनाए और वरिष्ठ नागरिकों को मेडिकल सहायता सुनिश्चित करे। उन्होंने बताया कि एक्ट भरण-पोषण को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक ट्रिब्यूनल और अपीलीय ट्रिब्यूनल का गठन किया गया है। कोई वरिष्ठजनए जिसकी आयु 60 वर्ष या अधिक हैए इसके अंतर्गत माता.पिता भी आते हैंए जो स्वयं आय अर्जित करने में असमर्थ है अथवा उनके स्वामित्वाधीन संपत्ति में से स्वयं का भरण पोषण करने में असमर्थ है। ऐसे व्यक्ति उक्त अधिनियम के अंतर्गत भरण पोषण हेतु आवेदन करने हेतु हकदार है। जिला न्यायाधीश ने कहा की प्रत्येक परिवार को अपने बच्चों को बचपन से ही ऐसे संस्कार देना चाहिए की वे अपने से बड़े बुजुर्गों का सदैव निष्ठा के साथ मान-सम्मान करें जिससे माता.पिता बूढ़े होने पर उनके बच्चे उनका उचित ध्यान रख सकें जिससे वरिष्ठजनों का जीवन स्तर में सुधार हो।

इसी प्रकार प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सुश्री भतपहरी ने अपने वक्तव्य में कहा की बच्चों का कर्तव्य बनता है की वे अपने बुजुर्ग माता.पिता का बुढ़ापे में ख्याल रखे। आज हम अपने माता.पिता का सम्मान करेंगे तभी हम आने वाले समय में अपने बच्चों से अपनी सेवा की उम्मीद कर सकते है। कार्यशाला में उपस्थित अन्य न्यायाधीशों ने अधिनियम के तहत होने वाली कार्यवाहियों एवं प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए वरिष्ठजनों का जीवन स्तर में सुधार हेतु अनेक उदाहरण प्रस्तुत किए। साथ ही अधिनियम से संबंधित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी प्रदान किए। कार्यशाला के अंत में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण निकुंज द्वारा सभी वरिष्ठजन, न्यायिक अधिकारियों का आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यशाला में पैरालीगल वॉलिंटियर्स के द्वारा माता.पिता भरण पोषण अधिनियम 2007, वरिष्ठजनों के कल्याण एवं नेशनल लोक अदालत से संबंधित विधिक पाम्पलेटों का वितरण कर विधिक जानकारियों का प्रचार प्रसार भी किया गया।

एक नजर

निःशुल्क गैर आवासीय प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत रायगढ़ जिले के लाईवलीहुड कॉलेज में संचालित प्रशिक्षण में इलेक्ट्रिशियन में 10वीं उत्तीर्ण, सिलाई मशीन के लिए 5 वीं उत्तीर्ण, प्लंबर के लिए 5 वीं उत्तीर्ण, फुड एवं बेवरेज सर्विस-स्टीवर्ड-10वीं उत्तीर्ण, डोमेस्टिक इलेक्ट्रिशियन में 8 वी उत्तीर्ण, डोमेस्टिक डाटा एंट्री आपरेटर 10वी उत्तीर्ण एवं रिटेल सेल्स एसोसिएट 10वीं पास कोर्स में निःशुल्क गैर आवासीय प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। प्रशिक्षण हेतु न्यूनतम आयु 18 से 40 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षण प्रशिणार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इच्छुक युवक-युवतियां लाईवलीहुड कॉलेज, केआईटी कॉलेज के पास, अग्रसेन आईटीआई के बगल में, उड़ीसा रोड, गढ़उमरिया रायगढ़ में समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अथवा लाईवलीहुड कॉलेज रायगढ़ मोबाईल नं 9340399939, 9770040223 एवं 7999739156 से संपर्क कर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

पानी में डूबने से मानसिंह भोय की असामयिक मृत्यु

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

तहसील पुसौर के ग्राम-तेतला निवासी मानसिंह भोय की 16 अप्रैल 2022 को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात एसडीएम रायगढ़ द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधान के अनुसार मृतक की पुत्री माला भोय को 4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

पटवारी प्रशिक्षण शाला में 12 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु किया गया चयनित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले से कुल 30 पदों के विरूद्ध 1 भूतपूर्व सैनिक नहीं मिलने के कारण वर्गवार 29 अभ्यर्थियों का चयन कर पटवारी प्रशिक्षण शाला में प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु भेजा गया था। जिसमें से 10 अभ्यर्थियों द्वारा अपनी उपस्थिति नहीं दिए जाने तथा 2 अभ्यर्थियों द्वारा त्याग पत्र प्रस्तुत किए जाने के फलस्वरूप उनके स्थान पर संशोधित प्रतीक्षा सूची के अनुसार वर्गवार कुल 12 अभ्यर्थियों को पटवारी प्रशिक्षण शाला में आगामी सत्र में प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु चयनित किया गया है।

चयनित 12 अभ्यर्थियों में अनारक्षित मुक्त में सुरेश कुमार पटेल, नवल किशोर चौधरी, पंकज पटेल एवं चंद्रशेखर जायसवाल शामिल है। इसी तरह अनारक्षित महिला में आरती देवांगन, अंजू नायक, शशिकला साहू एवं संगीता गुप्ता, अनुसूचित जाति मुक्त में शिवराज कुर्रे, अनुसूचित जाति महिला में सीमा चौहान एवं अनुसूचित जनजाति मुक्त में गजानंद सिदार एवं विवेक कुमार भगत शामिल है। उक्त सूची का अवलोकन रायगढ़ जिले की वेबसाईट http://raigarh.gov.in तथा कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है।

जिले में 803.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 25 अगस्त तक 803.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 3.6 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 770.7 मिली मीटर, पुसौर में 900.2, खरसिया में 550.4, घरघोड़ा में 679.5, तमनार में 781.2, लैलूंगा में 802.4, मुकडेगा में 886.6, धरमजयगढ़ में 948.4, छाल में 722 एवं कापू में 995 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

चक्रधर समारोहःकलाकार चयन समिति की बैठक 28 अगस्त को

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

38 वां चक्रधर समारोह-2023 का आयोजन 19 से 21 सितम्बर 2023 तक नगर निगम ऑडिटोरियम पंजरी प्लांट, रायगढ़ में किया जाएगा। चक्रधर समारोह में कलाकारों को आमंत्रित/शामिल किए जाने हेतु अध्यक्ष कलाकार चयन समिति की अध्यक्षता में जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में 28 अगस्त 2023 को सायं 5 बजे बैठक आहूत की गई है।

विधानसभा आम निर्वाचन 2023

कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव की तैयारियों पर ली बैठक

नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों की ली बैठक

जांजगीर-चांपा / कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के मद्देनजर सभी रिटर्निंग आफिसर, नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के लिए व्यवस्थित तरीके से कार्य करना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्हें सौंपे गए दायित्वों का भली भांति निर्वहन करने कहा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन के लिए निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा होने के साथ ही जिले में तत्काल आदर्श आचरण संहिता का क्रियान्वयन करने के लिए निर्देशित किया। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी नियमों की भलीभांति जानकारी रखें। पीपीईएस के नोडल अधिकारी सभी विभाग प्रमुखों से प्रमाण पत्र प्राप्त कर सत्यापन करें। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारियों-कर्मचारियों की डाटा एण्ट्री सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के लिए मानव संसाधन प्रबंधन, प्रशिक्षण, वाहनों की व्यवस्था, कम्प्यूटराईजेशन, साईबर सिक्यूरेटी, आईटी, स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, कानून एवं व्यवस्था, ईव्हीएम प्रबंधन, आदर्श आचार संहिता, निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण, वीडियोग्राफी, कानून व्यवस्था के लिए गठित एमसीसी, मीडिया प्रमाणन एवं पेड न्यूज निगरानी के लिए एमसीएमसी, बैलेट पेपर, पोस्टल बैलेट पेपर, ईटीपीबीएस, मीडिया, संचार व्यवस्था, मतदाता सूची, शिकायत शाखा एवं वोटर हेल्पलाईन, आब्जर्वर, माईक्रो आब्जर्वर, वेबकास्टिंग के लिए पहले से ही अपने कार्यों के लिए पूरी तैयारी किये जाने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि ईव्हीएम मेनेजमेंट अंतर्गत डेमोन्स्ट्रेशन सभी मतदान केन्द्रों में जनसामान्य को जागरूक करने हेतु किया जा रहा है। ईव्हीएम को नियमानुसार सुरक्षित रखा जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता वाहन के माध्यम से भी ईव्हीएम-वीवीपीएटी विभिन्न स्थानों में जनसामान्य की जागरूकता हेतु प्रदर्शित किया जा रहा है। कलेक्टर ने ईव्हीएम के रखरखाव पर विशेष ध्यान देने कहा। बैठक में अपर कलेक्टर श्री एस. पी. वैद्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अनिल कुमार सोनी, श्रीमती अर्चना झा, सीईओ जिला पंचायत डॉ. ज्योति पटेल, अपर कलेक्टर श्री गुड्डू लाल जगत, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी सहित अन्य समस्त रिटर्निंग आफिसर, नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

बाराद्वार में असम के विधायक ने ली भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ति।

24 अगस्त को मारवाड़ी पंचायती धर्मशाला बाराद्वार में असम से आए भाजपा विधायक रूप ज्योति कुर्मी ने भिन्न.भिन्न विषयों पर अलग-अलग श्रेणी के कार्यकर्ताओं की एक घंटे से लेकर ढाई घंटे तक की बैठकें लीं। सुबह दस बजे से लेकर रात्रि 9 बजे तक चली बैठकों में बाराद्वार मंडल के भाजपा पदाधिकारियों, मोर्चा कार्यकर्ताओं, बूथ अध्यक्षों, जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, व्यापारियों ने भाग लिया। जिसमें उन्होंने आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चर्चा की। दोपहर का भोजन उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ ग्राम दुरपा में तथा रात्रि भोज बाराद्वार में व्यापारियों के साथ लिया। सायं पांच बजे से रात्रि सात बजे तक ग्राम पलाड़ी कला में विभिन्न समूहों के साथ मेल मिलाप और जन संपर्क किया। अपने संबोधन में विधायक रूप ज्योति ने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे अपने दायित्वों का सक्रियता से निर्वाह करें और आम जनता से जुड़ कर उनकी समस्याओं का समाधान करें। बैठक को पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहूए तथा जिला भाजपा प्रवक्ता रमेश सिंघानिया ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर जिले के कोषाध्यक्ष रामनरेश यादव, बाराद्वार मंडल अध्यक्ष संतोष राठौर, अन्नपूर्णा राठौर, विद्या सिदार, नर्मदा साहू, आशा साहू, प्रेम पटेल, भुवन भास्कर यादव, हरदयाल पटेल, महामंत्री दीपक ठाकुर, गेंदराम मनहर, ओमप्रकाश अग्रवाल एस टी. मोहन तोदी, विष्णु जिंदल, जयकिशन केड़िया, ध्रुव सिंगल, ओमप्रकाश जिंदल,अनील जिंदल, महावीर राठौर, शिव शर्मा, अरुण शर्मा, अंजनी जिंदल, चंद्रशेखर शर्मा, पंकज सांवड़िया, अशोक सिंघानिया, शिबू सिंघानिया, नत्थू सिंघानिया, जगन्नाथ गुप्ता, गेंदू साहू, रुद्रनारायण साहू, बहोरन साहू, योगेश अग्रवाल, ब्रजभूषण द्विवेदी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

विकास और रिशु बने प्रदेश कांग्रेस कमेटी में सचिव

कोरबा । आगामी विधानसभा के मद्देनज़र कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व ने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी में महत्वपूर्ण नियुक्तियां की है। कई बदलाव किए गए हैं। कद्दावर नेताओं को महासचिवए सचिव और एग्जीक्यूटिव कमिटी का सदस्य बनाया गया है।

संगठन को मजबूत करने के लिए रिशु अग्रवाल को सचिव पद का दायित्व सौंपा गया है। इसी सूची में जिले के युवा नेता इंटक के जिलध्यक्ष विकास सिंह को भी सचिव पद पर नियुक्त किया गया है। विकास युवाओं के बीच खासे लोकप्रिय हैं। अब केंद्रीय नेतृत्व से उन्हें एक बड़ी जिम्मेदारी मिली है। जो कि राजस्व मंत्री के खास सिपाह सालारों में से एक हैं। विकास को केंद्र से जारी सूची में तवज्जो देते हुए छत्तीसगढ़ में कांग्रेस संगठन का सचिव बनाया गया है। इसी तरह जिले से नरेश देवांगन, गजेंद्र चंद्रा, श्याम सुंदर सोनी और तनवीर अहमद को भी सचिव पद की जिम्मेदारी दी गई है।

यह सूची ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के महासचिव और सांसद केसी वेणुगोपाल ने जारी की है। इन नियुक्तियों को विधानसभा चुनाव को देखते हुए काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जिन्हें भी इस सूची में शामिल किया गया है। अब उनके कंधों पर एक बड़ी जिम्मेदारी होगी।

जिले के समस्त विकासखण्डों में मनाया जा रहा राष्ट्रीय नेत्र दान पखवाड़ा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में 25 अगस्त से 08 सितम्बर 2023 तक रायगढ़ सहित समस्त विकासखण्डों में नेत्रदान पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके तारतम्य नेत्र सर्जनों एवं विकासखण्ड के समस्त नेत्र सहायक अधिकारियों द्वारा नेत्रदान एवं अंधत्व के बारे में प्रकाश डालते हुए बताया जा रहा है कि कार्निया में किसी भी प्रकार के चोट लगने से सफेदी हो जाती है जिसका उपचार कार्नियल ट्रॉसप्लांट कर दृष्टि वापस लायी जा सकती है तथा मृत्यु पश्चात ही नेत्रदान की जाती है।

नेत्रदान से किसी दृष्टिहीन व्यक्ति के जीवन में नई रोशनी आ सकती है नेत्रदान करने वालों की आयु 05 वर्ष से 60 वर्ष के आयु वर्ग के व्यक्ति की आँख दान के लिये उपयुक्त मानी जाती है। लेकिन रैबिज, टीटनस, हेपेटाईटिस, सर्पदंश, जहर सेवन, जलने से या पानी में डुबने से हुई मृत्यु में नेत्रदान के लिये उपयुक्त नहीं माना जाता है। नेत्रदान करने के लिये औपचारिकताओं की आवश्यकता नहीं है, मृत व्यक्ति के परिजनों या उत्तराधिकारी के अनुमति पर नेत्र निकालने की प्रक्रिया की जाती है। नेत्रदान की प्रक्रिया मृत्यु होने के 06 घण्टे के अंदर पूरी कर ली जानी चाहिए इसके लिये जितनी जल्दी हो सके परिजनों या उत्तराधिकारी को इसकी सूचना चिकित्सकीय टीम को दी जानी चाहिए।

महादेव एप से आतंकी फंडिंग की आशंका-भाजपा

एनआईए जांच की मांग हेतु पहल करें सीएम-ओपी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी ने गुरुवार को राजधानी में आयोजित एक पत्रकारवार्ता के दौरान महादेव ऑनलाइन सट्टा एप को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश कांग्रेस को घेरा।

उन्होंने कहा कि इस ऑनलाइन सट्टे के जरिए आतंकी फंडिंग की आशंका है। इसलिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को खुद आगे आकर इसकी जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए से करवाने हेतु पहल करनी चाहिए। चौधरी ने आशंका जताते हुए कहा कि दुबई से संचालित महादेव एप को कुख्यात माफिया गिरोह डी कंपनी का संरक्षण प्राप्त है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आतंकी घोषित माफिया डॉन दाउद के जरिए किस तरह भारत में आतंकियों को फंडिंग की जाती है यह किसी से छिपा नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि दुबई एक इस्लामिक देश का हिस्सा है जहां जुआ, सट्टा से जुड़े मामलों को अवैध घोषित किया गया है। ऐसे में महादेव एप के जरिए दुबई में बैठकर हजारों करोड़ रुपए का ऑनलाइन सट्टा बिना किसी अंतर्राष्ट्रीय माफिया गिरोह के सहयोग के संभव नहीं है। चौधरी ने आरोप लगाया कि भूपेश बघेल सरकार ने महादेव एप के प्रमोटर्स को संरक्षण दिया है। ईडी ने अपने अभियोजन पत्र में साफ लिखा है कि गिरफ्तार एएसआई चंद्रभूषण वर्मा मुख्यमंत्री कार्यालय के शक्तिशाली अधिकारियों और महत्वपूर्ण राजनीतिज्ञों को महादेव एप के संचालकों से वसूले गए करोड़ों रुपए सरंक्षण राशि के रूप में देता रहा है। ईडी ने अपने अभियोजन पत्र में यह भी लिखा कि एडिशनल एसपी रैंक के अफसरों को 65 लाख रुपए महीने एप संचालकों की तरफसे रिश्वत के रूप में दिए जा रहे थे। चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री के लिए इससे ज्यादा शर्म की और क्या बात होगी कि एक प्रतिष्ठित सरकारी एजेंसी माननीय अदालत को तमाम सबूतों के साथ यह बता रही है कि किस तरह से इस संगठित लूट को मुख्यमंत्री कार्यालय के शक्तिशाली अधिकारी और राजनेता रिश्वत लेकर संरक्षण दे रहे थे।

चौधरी ने मांगा मुख्यमंत्री से इस्तीफा

चौधरी ने कहा कि वर्तमान में महादेव एप और इसके सहयोगी रेड्डी अन्ना 50 लाख यूजर्स अनुमानित है। इन यूजर्स के माध्यम से इस गिरोह के सरगना एक हजार करोड़ से भी अधिक धन विदेश भेज रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस काम में गिरोह तकरीबन 20 हजार कॉर्पोरेट, करंट, सेविंग बैंक खातों और 250 से ज्यादा शैल कंपनियों का इस्तेमाल कर रहा है। इस खुलासे के बाद अब मुख्यमंत्री में जरा भी नैतिकता है।

तो अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। मुख्यमंत्री का बयान बौखलाहट से भरा चौधरी ने बताया कि ईडी ने इस मामले में सुपेला पुलिस द्वारा मई 2022 में मामला दर्ज करने के बाद महादेव एप की जांच शुरू की है। ऐसे में मुख्यमंत्री का आरोप बेतुका और बौखलाहट से भरा है। दरअसल, कांग्रेस सरकार और उसकी पुलिस ने महादेव एप के सरगनाओं से और अधिक पैसा ऐंठने की नीयत से दिखावटी कार्रवाई शुरू की थी। जिसमें स्थानीय स्तर पर सट्टेबाजी का काम देख रहे इस गिरोह के छोटे-मोटे गुर्गों को बलि का बकरा बनाकर असल चेहरों को बचाया जा सके।

विन्द्रानवागढ़ में दो बड़ी राजनिति पार्टी को प्रत्याशी चयन करने आ रही दिक्कत

दावेदारो की लम्बी होड़ और भीतर घात का सता रहा डर

जोहार छत्तीसगढ़-गरियाबंद।

जिले का विन्द्रानवागढ़ विस सीट का इन दिनों राजनिति गलियारो में जमकर चर्चा है टिकट चयन को लेकर देश की सबसे बड़ी दो राजनिति पार्टी कांग्रेस और भाजपा का पसीना छुट रहा है। यह सीट दोनों राजनिति के लिये एक प्रयोग शाला बन चुका है जैसे प्रयोगशाला में स्टुमेंट वही पर हर बार केमिकल बदलना पड़ता है। वैसे ही सीट वही है पर सरकार प्रत्याशी बदलने की प्रथा है। इसबार भी प्रत्याशी चयन को लेकर भारी कसमकस है। और राजनिति पार्टीयां सामन्जस्य स्थापित करने में लगे हुये है।

दौड़ में कांग्रेस के कितने प्रबल दावेदार

कांग्रेस में जहां तीन बार विधायक रहे ओंकार शाह पिछले चुनाव में टिकट कटने को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का दामन थामा लिया था वही अब उनकी घर वापसी होने से राजनिति हलचल तेज है वही खेल अधिकारी की नौकरी को धत बताकर वर्ष 2014-15 को पार्टी के टिकट से चुनाव लड़ने वाले जनक ध्रुव और 2019 में प्रत्याशी रहे संजय नेताम भी दौड़ में है वही क्षेत्र में अच्छी पैठ रखने वाले अमलीपदर में सरपंच पद पर पांच बार प्रतिनिधित्व करने वाले सेवन पुजारी, आदिवासी समाज में जमीनी पकड रखने वाले धनसिंग मरकाम टिकट के लिये अंतिम प्रयास कर रहे हैं वही दो नौकरशाह कांतिलाल पाथर और लोकेन्द्र कोमर्रा का नौकरी छोड़ पार्टी में शामिल होना को भी प्रबल दावेदारी माना जा रहा है। ऐसे में पार्टी को टिकट फाइनल में दिक्कत हो रही है और भीतरघात का डर भी सता रहा है।

भाजपा में भी होड़ कम नहीं पुराने नये को मिलाकर कुल दस दावेदार

छग में पन्द्रह साल सरकार में रहे भाजपा के लिये भी विन्द्रानवागढ़ सीट हाईप्रोफाइल हो गया है हालांकि पिछले डेढ दशक से इस पर भाजपा का कब्जा है पर इसमे भी पार्टी को हरबार प्रत्याशी बदलना पड़ा था। इस बार दौड़ में एक पूर्व विधायक गोवर्धन मांझी वर्तमान विधायक डमरूधर पुजारी के साथ-साथ नये चेहरे में भागीरथी मांझी,बाबा उदयनाथ,सनत मांझी, रामरतन मांझी,जितेन्द्र मांझी,पदुलोचन मांझी, अभिमन्यु ध्रुव, मैनपुर के दीपेश दिवान सहित दस दावेदार है इनमें भी कुछ अंतिम प्रयास कर रहे है। ऐसे होड में भाजपा को भी भीतरघात का डर है और भीतरघात से दो बार पार्टी को हार का मुंह देखना पड़ा है। भाजपा में भी कुछ दावेदार अंतिम प्रयास कर रहे हैं।

आम आदमी पार्टी लड़ेगी पर अभी तय नहीं

इस बार आम आदमी पार्टी छग में विस चुनाव लड रही है विन्द्रानवागढ में भी अपना प्रत्याशी उतारेगी। पार्टी ने प्रत्याशी को लेकर अपने पत्ते नहीं खोले है आप का नजर दो बड़ी पार्टी के टिकट ना मिलने से नाराज दावेदारों पर रहेगा राजनिति गलियारो में चर्चा है राजनिति समीकरण बिगाड़ने में आप की बड़ी भूमिका होगी ऐसे में देखना होगा आप किसको नुकसान पहुंचायेगी। हाल में आप के परिवर्तन रैली से भाजपा और कांग्रेस दोनो सकते में है।

एक नजर

जिले के पुलिस अधीक्षक एम.आर. आहिरे पदोन्नत होकर बने एसएसपी

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

छत्तीसगढ़ शासन गृह पुलिस विभाग के द्वारा सक्ती जिले के पुलिस अधीक्षक एम.आर. आहिरे सहित दो अन्य पुलिस अधीक्षक को पदोन्नति देकर एसएसपी बनाया गया है। एसपी एम.आर. आहिरे को प्रमोशन मिलने पर पुलिस विभाग सक्ती में खुशी की लहर है। इस महत्वपूर्ण पल के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में विगत दिवस आयोजित स्टार सेरेमनी कार्यक्रम में एसएसपी एम आर आहिरे के साथ ही उनका पूरा परिवार, कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एसपी कार्यालय में मौजूद रहे। एसएसपी बनने पर एमआर आहिरे को बधाई देने के लिए सक्ति जिले की कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, वरिष्ठ नागरिक, पत्रकारगण सहित जिले के सभी थाना के पुलिस अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इसके साथ ही इस अवसर पर जिले के तीन हेड कांस्टेबलों को स्टार लगाकर सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया हैं।

युवा कांग्रेस ने मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर गौसेवा किया

नगरी । छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस प्रदेश प्रभारी पलक वर्मा, एवं छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देशानुसार युवा कांग्रेस सिहावा विधानसभा अध्यक्ष सोनू चौहान के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जन्मदिवस के अवसर पर सिहावा विधानसभा के युवा कांग्रेसियों ने छिपली स्थित गौठान में जाकर गौ माता की आरती उतारकर गौसेवा की।

इस अवसर पर नदीम अली (प्रदेश सचिव,युवा कांग्रेस), प्रमोद कुंजाम जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस, दुर्गेश नंदनी साहू (जनपद सदस्य), अभिषेक बंजारे, अंकुश देवांगन, नीलकमल साहू, खेमराज साहू, सतीश साहू, रवि बिसेन, बीरबल नागेश, स्वसहायता समूह की महिलाएं सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

टेशु नेताम का आईआईटी कानपुर में चयन

नगरी । सीतानदी अभ्यारण्य क्षेत्र के ग्राम बरोली कसपुर (बेलरगांव) निवासी टेशु नेताम का चयन आई आई टी कानपुर उत्तरप्रदेश में चयन हुआ कु टेशु नेताम बचपन से ही मेघावी रही 6वी से 12तक ज्वाहर नवोदय विद्यालय जगदलपुर से उत्कृष्ट अंकों में उत्तीर्ण हो कर इंडियाणन आॅयल विदुषी सुपर 30 गर्ल्स में चयन पश्चात ऑन लाइन कोचिंग घर में रह कर प्राप्त कर द्वद्वह्ल कानपुर उत्तरप्रदेश में चयन हुआ जोहन नेताम व्याख्याता डाइट नगरी रजुला नेताम की सुपत्री टेशु नेताम सफ्लता के लिए अपने माता -पिता एवं अपने गुरुजनों इंडियन ऑयल कारपोरेशन अपने इस सफ्लता का श्रेय दिया इस सफ्लता पर डां व्ही. पी चंद्रा प्राचार्य आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय सिंगपुर, पी. एस राय प्राचार्य डाइट नगरी, डी के साहू सहायक प्राध्यापक,के ध्रुव सहायक प्राध्यापक हिममणी सोम, बी गजेंद्र, नरेंद्र देवांगन, संगीता रनघाटी अरविन्द सार्व, ईश्वरी ध्रुव, खीरभान कश्यप, उमेश्वरी ने बधाई दी ।

27 को रायपुर में होगा पिछड़ा वर्ग का विशाल महासम्मेलन

नगरी । पिछड़ा वर्ग समाज अपनी लंबित 27 प्रतिशत आरक्षण समेत विभिन्न मांगो को लेकर 27 अगस्त 2023 को छग पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ एवम् ओबीसी महासभा के संयुक्त तत्वाधान में रायपुर के रावण भाठा मैदान में विशाल महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस महासम्मेलन में पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत आने वाले जाति व समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित होकर अपनी आवाज बुलंद करेंगे। इस संबंध में पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ के जिलाध्यक्ष अंगेश हिरवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछड़ा वर्ग समाज के द्वारा विगत कई वर्षों से अपनी संवैधानिक मांग 27 प्रतिशत आरक्षण को लेकर लड़ाई लड़ा जा रहा है, किंतु आज तक छत्तीसगढ़ में राज करने वाले दोनो ही प्रमुख राजनीतिक दलों ने समाज के लोगो सत्ता प्राप्ति का हथियार बनाकर गुमराह करने व ठगने का काम किया है, जिससे पिछड़ा वर्ग समाज के लोग आक्रोशित है। यदि इसी प्रकार ये राजनीतिक दल हमारे समाज के लोगो का उपयोग करते रहे तो हमारा समाज और भावी पीढ़ी हमेशा के लिए इनके चक्रव्यूह में फंसकर कष्टपूर्ण जीवन जीने के लिए मजबूर हो जाएगा।

तेल प्रसंस्करण इकाई से महिलाओं का हो रहा आजीविका संवर्धन

रीपा से जुड़ी उमा समूह की महिलाओं द्वारा प्रारंभिक चरण में 130 लीटर तेल का किया गया उत्पादन

कोरबा । महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क से ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव सामने आ रहे हैं। रीपा के माध्यम से उन्हें रोजगार का प्रमुख जरिया मिला है। जहां संचालित आजीविका संवर्धन कार्यों से जुड़कर ग्रामीण महिलाएं स्वावलंबन की राह पर अग्रसर हो रहे हैं। इसी कड़ी में जिले के जनपद पंचायत करतला के ग्राम कोटमेर में स्थापित ग्रामीण औद्योगिक केंद्र में तेल प्रसंस्करण, दाल प्रसंस्करण, आचार-पापड़ निर्माण जैसे विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधियां संचालित की जा रहीं हैं। इनसे महिलाओं को अपने घर के पास ही नियमित रूप से रोजगार प्राप्त हो रहा है और वे आत्मनिर्भर बन रहीं हैं। ग्राम पंचायत कोटमेर में स्थापित रीपा से जुड़ी उमा स्वसहायता समूह की महिलाएं तेल प्रसंस्करण का कार्य कर रही हैं। उनके द्वारा तेल प्रसंस्करण का कार्य करते हुए सरसों, मूंगफली, डोरी आदि का तेल निकाला जा रहा है। एनआरएलएम के क्षेत्रीय समन्वयक सुरेश निर्मलकर ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर महिलाओं द्वारा सरसों और मूंगफली का प्रसंस्करण कर लगभग 130 लीटर तेल निकाला गया है, जिसे समूह की महिलाएं सीमार्ट, हसदेव मार्ट और स्थानीय बाजार में 250 रू. से लेकर 350 रू. प्रति लीटर की दर से विक्रय कर रही है। इससे प्राप्त लाभ से समूह की महिलाओं का आजीविका संवर्धन हो रहा है जिससे वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने में अपना योगदान दे रहीं हैं। उल्लेखनीय है कि करतला एक वन आच्छादित क्षेत्र है, जहां पर ग्रामीणों द्वारा वनोपज संग्रहण किया जाता है। यहां पर अच्छी गुणवत्ता का महुआ बहुतायत में पाया जाता है।

तुमनार ग्राम पंचायत में बाल हितैषी पंचायत बनाने पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-बीजापुर।

बीजापुर जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल संरक्षण तंत्र के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिले के सभी ग्राम पंचायतो में जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर गठित बाल संरक्षण समिति की सशक्तिकरण के लिए बैठक का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में ग्राम पंचायत तुमनार में आज 24 अगस्त को पंचायत भवन में बाल संरक्षण समिति की बैठक आहूत की गई बैठक में उपस्थित सदस्य सरपंच रबीता तेलाम, उपसरपंच पाकलू तेलाम, पंच सुदेश तेलाम,मासाराम तेलाम सचिव मंडेराम तेलाम, स्कूल के शिक्षक रामचन्द्र, बल्लूराम नेताम ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता बुधरी तेलाम, लक्ष्मी तेलाम,सावित्री तेलाम,कमला मडकाम समूह के सदस्य, स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे। समिति के सदस्यों को बाल अधिकार और संरक्षण तंत्र की जानकारी दिया गया। और बताया गया कि ग्राम पंचायत तुमनार को बाल हितैषी पंचायत बनाया जाना है। जिसमें किशोर न्याय बालकों की देखरेख एवं संरक्षण, अधिनियम, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, किशोर न्याय बोर्ड व बालक कल्याण समिति की भूमिका, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं अभियान का उददेश्य, किशोर किशोरी सशक्तिकरण अंतर्गत बाल विवाह के नुकसान बाल विवाह के रोकथाम के उपाय, किशोरियों के पोषण एवं स्वच्छता से संबंधित मुद्दे एवं समाधान, बच्चों के अनैतिक व्यापार अधिनियम, ग्राम पंचायत स्तर पर संधारित पलायन पंजी, ग्राम पंचायत स्तर पर शाला त्यागी बालक बालिकाओं को स्कूल से जोड़े जाने पर एवं गोद लेने की वैधानिक प्रक्रिया, दत्तक ग्रहण नियम, बाल श्रम अधिनियम पर चर्चा कर जानकारी दिया गया। साथ ही ग्राम पंचायत समिति से अनुरोध किया गया कि प्रत्येक माह में बैठक आहूत किया जाए और इन सभी मुद्दों पर चर्चा कर ग्राम पंचायत बाल सुलभ पंचायत बनाया जा सके। जिसमें सभी बालक बालिकाओं को स्कूल से जोड़ा जा सके और ग्राम पंचायत का वातावरण ऐसा हो जो कि हिंसामुक्त वातावरण हो। उक्त बैठक में जिला बाल संरक्षण इकाई से जिला बाल संरक्षण अधिकारी राहुल कौशिक, जिला समन्वयक युनिसेफ सुश्री लेखिका साहू, राजूराम कश्यप आउटरीच वर्कर उपस्थित थे।

कृषि केंद्रों में बिना वैध लाइसेंस के उर्वरक एवं कीटनाशकों का अघोषित गोदाम में भंडारण वितरण करने वालों पर की कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



खरीफ सीजन में समय पर खादए बीज एवं कीटनाशक की उपलब्धता सुनिश्चित कराने में जिला प्रशासन सख्त है। इसी कड़ी में उप संचालक कृषि जिला बेमेतरा मोरध्वज डड़सेना के निर्देशा 23 एवं 24 अगस्त 2023 को नवागढ़ ब्लॉक में संचालित विभिन्न कृषि केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सतगुरू कृषि केंद्र रनबोड़ ब्लॉक नवागढ़ में अनुविभागीय कृषि अधिकारी बेमेतरा रिती तिवारी एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नवागढ़ आरके चतुर्वेदी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अश्वनी मांडले बीटीएम रूपेश पटेल की संयुक्त टीम द्वारा उपरोक्त कृषि केंद्र में पाया गया कि संबंधित केंद्र के द्वारा बिना वैध लाइसेंस के उर्वरक एवं कीटनाशकों का अघोषित गोदाम में भंडारण कर विक्रय किया जा रहा है। जो कि कीटनाशी अधिनियम 1968 व 1971 तथा उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के विभिन्न प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है। अत: तत्काल कार्यवाही करते हुए खाद कीटनाशक को जब्त कर दुकान एवं गोदाम को सील कर दिया गया है तथा उक्त केंद्र को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। तत्पश्चात कार्यवाही की अगली कड़ी में ग्राम मुरकुटा में संचालित मेनस कृषि केंद्र, वैष्णव कृषि केंद्र, विक्रम कृषि केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया जहां बिना वै। प्रिंसिपल सर्टिफीकेट के कीटनाशकों का विक्रय एवं स्टॉक में असमानता पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। साथ ही निरीक्षण के दौरान बिल, स्टॉक एवम् अन्य अभिलेख संधारण में अनियमितता पाए जाने पर सोनी कृषि केंद्र संबलपुर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

राजा गुरु बालकदास बाबा के जयंती पर आज डीजे धुमाल अखाड़ा दल के साथ निकलेगी भव्य शोभायात्रा

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

सतनामी सामाज के महानप्रतापी क्रांतिवीर राजा गुरु बालकदास बाबा के जयंती के अवसर पर आज 26 अगस्त दिन शनिवार को विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जिसके लिए समाज की ओर से पूरी तैयारी की गई है। शोभायात्रा के दौरान डीजे धुमाल के साथ समाज के युवक.युवतियों के द्वारा पंथीए सतनाम अखाड़ा दल द्वारा शौर्य प्रदर्शन किया जायेगा। शोभायात्रा विधिवत स्वेत ध्वज के साथ कोबिया चौक से दोपहर 12 बजे निकाली जाएगी। जो नेशनल हाईवे 30 मुख्य मार्ग से होते हुए सिग्नल चौक, प्रताप चौक, परसुराम चौक पहुँचेगी। और मोहभट्ठा रोड़ जोड़ा जैतखाम में समाप्त होगी। वही इस कार्यक्रम मे आयोजक जिला सतनामी समाज ने सतनामी समाज के साथ ही सर्व समाज के सामाजिक बंधुओं को विशाल शोभायात्रा में शामिल होने निवेदन किया है।

रक्षाबंधन के अवसर पर निःशुल्क आंख व कान जांच शिविर में विशेषज्ञों की मिलेंगी सेवाएं

* किसान नेता योगेश तिवारी की ओर से शिविर आयोजित, दवाई व चश्मा का होगा नि :शुल्क वितरण

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

रक्षाबंधन के पावन अवसर पर बेरला ब्लॉक के ग्राम नेवनारा स्थित मां चंडी मंदिर प्रांगण में 27 अगस्त को नि :शुल्क आंख व कान जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा।

शिविर का आयोजन किसान नेता योगेश तिवारी व महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में होगा। इस शिविर में वातानुकूलित एंबुलेंस में लगी मशीनों से विशेषज्ञों के द्वारा निशुल्क आंख और कान की जांच की जाएगी। जिसमें जरूरतमंद मरीजों को दवाई, चश्मा और कान की मशीन का वितरण किया जाएगा। शिविर में मरीजों की बीपी व शुगर जांच कर जरूरतमन्दों को निशुल्क दवाई का वितरण किया जाएगा। शिविर में संस्था के पदाधिकारी लोकेश कांवरिया अंतर्राष्ट्रीय महासचिव, अशोक जैन प्रदेश अध्यक्ष, मोतीलाल ओसवाल अध्यक्ष रायपुर शाखा, नवनीत झा सचिव रायपुर शाखा, संजय गिड़िया कोषाध्यक्ष रायपुर शाखा, धर्मेंद्र जैन डायरेक्टर आई केयर, नरेंद्र लुनिया डायरेक्टर आई केयर उपस्थित रहेंगे।

3 महीने के भीतर दूसरी बार नि:शुल्क शिविर का आयोजन

किसान नेता योगेश तिवारी ने बताया कि 27 अगस्त को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक शिविर आयोजित होगा। उनका उद्देश्य नि:स्वार्थ भाव से आम जनता और गरीबों की सेवा करना है। गरीब परिवार के लोग बड़े हॉस्पिटलों में इलाज का खर्च वहन नहीं कर सकते।

ऐसी स्थिति में इलाज के बिना उनकी बीमारी बढ़ने लगती है। इसलिए क्षेत्र के लोगों के लिए नि:शुल्क शिविर का आयोजन किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोग शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कराकर उसका लाभ ले सके। गौरतलब हो कि किसान नेता की ओर से 27 मई को बेमेतरा के बेसिक स्कूल मैदान में नि:शुल्क शिविर का आयोजन किया गया था। यहां जिले भर से भारी तादाद में मरीजों के पहुंचने के कारण सबका इलाज संभव नहीं हो पाया इसलिए रक्षाबंधन के पावन अवसर पर दोबारा नि:शुल्क शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

विधानसभा स्तरीय नव मतदाता अभिनंदन समारोह संपन्न

युवाओं ने सैकड़ों की संख्या में शहर में निकाली बाइक रैली

जोहार छत्तीसगढ़- धरमजयगढ़।

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में राजनीति गरमाने लगी है। जिसमें भारतीय जनता पार्टी ने कुछ विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी की घोषणा कर चुनावी बिगुल फूंक दी है। वहीं मैदानी स्तर पर भी मैदान में डट चुकी है। इसी कड़ी में धरमजयगढ़ में विधानसभा स्तरीय नव मतदाता अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। बता दें कि रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र से भी भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति ने हरिशचंद्र राठिया के नाम की घोषणा की है। कार्यक्रम से पहले युवा मोर्चा के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में बाईक रैली निकाली गई। जिसमें अभिनंदन समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी ने कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा। चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ भूपेश सरकार भ्रष्टाचार की सरकार है। जिन्होंने पीएससी परीक्षा में भ्रष्टाचार कर मेहनतकश युवाओं के साथ अन्याय किया है। बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा करने वाली कांग्रेस सरकार शिक्षित युवाओं को ठगा है। कांग्रेस सरकार छत्तीसगढ़ के हर वर्ग को ठगा है। जिसमें धरमजयगढ़ विधायक का भी पूरा पूरा योगदान है। इनके क्षेत्र में धर्मांतरण मतांतरण हो रहा है। जिससे आदिवासी संस्कृति पर खतरा बढ़ने लगा है। भारतीय जनता पार्टी ने मिलनसार योग्य व्यक्ति को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। जिन्हें चुनकर क्षेत्र में कमल खिलाना है।

ओपी चौधरी एवं रवि भगत ने भरी हुंकार, भाजपा की होगी जय कार

समारोह को संबोधित करते हुए युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत ने युवाओं में जोश भर दिया। भगत ने चुटीले अंदाज में कहा कि लालजीत सिंह के लाली जाहि, ऐदारी के चुनाव में, हरिशचंद्र के लहर चलत हे गांव-गांव में। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार युवाओं पर अत्याचार किया है। आंदोलन के समय युवाओं पर लाठीचार्ज किया गया है। जिसे युवाओं को याद है। युवा शक्ति जाग चुकी है जो इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकेगी। कार्यक्रम को भाजपा प्रत्याशी हरिशचंद्र राठिया ने संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद से वरिष्ठ नेताओं ने मुझे कमल छाप का प्रत्याशी बनाया है। राठिया ने कहा कि कांग्रेस परिवारवाद की पार्टी है। पहले स्वर्गीय चनेशराम राठिया 27 साल तक राज किए, अब उनके पुत्र लालजीतसिंह राठिया विधायक हैं। लेकिन क्षेत्र में किसी तरह का विकास नहीं किए हैं। जो भी विकास हुआ है वह भाजपा शासनकाल में विधायक स्वर्गीय ओमप्रकाश राठिया के नेतृत्व में हुआ था। आप सभी के मेहनत और आशीर्वाद से पुन: यहां कमल का फूल खिलेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी मंडलों से आए नए मतदाताओं का पुष्पमाला पहनाकर अभिनंदन किया गया।

एक नजर

ब्रजेश यादव ने किया अंचल को गौरांवित

जोहार छत्तीसगढ़- खरसिया।

समीपस्थ ग्राम महका निवासी होनहार युवा ब्रजेश यादव ने नीट की परीक्षा पास कर पूरे अंचल का नाम रोशन किया है। उनका दाखिला भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव में हुआ है। उनकी इस शानदार सफलता पर उनके परिजनों सहित शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। मेघावी विद्यार्थी ब्रजेश यादव नगर सीमा से सटे ग्राम महका में निवासरत और जिंदल स्टील वर्क्स में कार्यरत संतोष यादव और पार्वती यादव के सुपुत्र हैं। नीट की परीक्षा में प्रथम प्रयास में ही उन्होंने 587 अंक अर्जित किया। उन्हें पूरे प्रदेश में 203 वां और पिछड़ा वर्ग श्रेणी में 66 वां रेंक मिला। शुरू से ही मेघावी रहे ब्रजेश यादव का दाखिला भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव में हुआ है जहां से वे डॉक्टर बनकर निकलेंगे। उनकी इस चमकीली सफलता पर उनके परिजनों अधिवक्ता झुलसाय यादव बड़े पिताजी झरिया यादव समाज के जिलाध्यक्ष पंचराम यादव सहित ग्राम महक के प्रतिष्ठित नागरिक रिपुसूदन पाण्डेय, बुटू यादव, भोला राठौर, ब्रजेश राठौर, सुरेश राठौर, ग्राम सरपंच, भुनेश्वरी सीदार, बीडीसी पूजा राठौर, सिरू यादव, खेमराज राठौर, टिंकू राठौर, गनपत राठौर, लव राठौर आदि ने बधाईयां देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

धारदार तलवार लेकर घूम रहा युवक गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़- कापू।

सार्वजनिक जगह पर धारदार तलवार लहराकर लोगों को भयभीत करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी एक लंबी तलवार लेकर खुलेआम घूम रहा था।

इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक कापू पुलिस को सूचना मिली कि बालकपोड़ी गांव के टिकरापारा में एक व्यक्ति तलवार लहराते हुए लोगों को डरा धमका रहा है। इसकी तस्दीकी कार्यवाही हेतु बालकपोड़ी रवाना हुए। विवेचना में पाया गया कि टिकरापारा में एक व्यक्ति धारदार नुकीला तलवार हवा में लहराते हुए लोगो को डरा, धमका रहा था। जिसे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम सुखसायए निवासी बालकपोड़ी बताया।

उक्त नुकीला धारदार तलवार को रखने व प्रदर्शन करने के संबंध में आरोपी द्वारा किसी प्रकार का वैध दस्तावेज नहीं दिया गया। नुकीला धारदार तलवार जिसकी कुल लंबाई 32 इंच के करीब है, गवाहो के समक्ष आरोपी के कब्जे से जप्त किया गया है। आरोपी का कृत्य धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का होना पाये जाने से आरोपी को विधिवत गिरप्तार किया गया। वहीं, आरोपी के विरूद्ध अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है।

27 अगस्त को सुबह अंबेटिकरा से निकलेगी कांवर यात्रा

जोहार छत्तीसगढ़- धरमजयगढ़।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन महीने के अंतिम रविवार को अंबेटिकरा से किलकिला के लिए बोलबम कांवर यात्रा निकलेगी। सावन महीने में शिव भक्त कांवर यात्रा लेकर शिवालयों में जलाभिषेक कर भगवान शिव की पूजा अर्चना करते हैं। धरमजयगढ़ क्षेत्र के शिवभक्त भी कई दशकों से अंबेटिकरा से कांवर यात्रा लेकर किलकिलेश्वर महादेव में जलाभिषेक करते हैं। इस यात्रा में हजारों शिव भक्त शामिल होते हैं। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कांवड़ यात्रा मां भगवती मन्दिर के दरबार से पवित्र मांड नदी से जल लेकर किलकिलेश्वर धाम के लिए रवाना होगी। 26 अगस्त 2023 शनिवार को बाहर से आने वाले शिव भक्तो के लिए भोजन एवं रात्रि विश्राम की व्यवस्था रहेगी। 27 अगस्त रविवार सुबह 05 बजे जल लेकर सभी भक्तजन किलकिलेश्वर धाम के लिए रवाना होंगे और सोमवार 28 अगस्त को किलकिलेश्वर धाम में जलाभिषेक करेंगे। दानदाताओं द्वारा जगह जगह कांवरियों के लिए स्वल्पाहार] भोजन सहित कई तरह की व्यवस्था की जाती है। सभी में बोलबम कांवरिया समिति धरमजयगढ़ मध्यस्थता कर व्यवस्था बनाती है। रात्रि अंबेटिकरा परिसर में क्षेत्र के युवाओं द्वारा भोजन व्यवस्था, सुबह पिपरमार में मनोज अग्रवाल परिवार श्यांग वाले, सिसरिंगा में सहदेव मंडल, प्रशांत सरकार, संजू मंडल, तेजपुर में राधेश्याम अग्रवाल, चरखापारा में साहू ढाबा सहित कई दानदाताओं द्वारा अनेक जगह व्यवस्था की गई है। पत्थलगांव में भी वहां के दानदाताओं द्वारा व्यवस्था की गई है। यदि और भी कोई किसी तरह कांवरियों की सेवा करने वाले श्रद्धालु एवं दानदाता समिति से संपर्क कर सकते हैं।

युवा शक्ति राज्य के लिए अनमोल पूंजी है - हरमीत होरा

धमतरी । युवाओं की ऊर्जा को रचनात्मक कार्यों में लगाने एवं गांव के विकास मे युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए राजीव गांधी युवा मितान क्लब कांग्रेस सरकार की एक अच्छी योजना है । इस योजना के द्वारा युवाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास,स्वालंबन,सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्रियाकलापो को और अधिक समृद्ध करने गांव-शहरो मे विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा है । युवाओं में एकता की भावना एवं सौहार्द का माहौल स्थापित करने राजीव गांधी युवा मितान क्लब अच्छा कार्य कर रही है। उक्त बातें ग्राम रूद्री मे खण्ड स्तरीय आयोजन समिति धमतरी द्वारा आयोजित विकासखंड स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नागरिक सहकारी बैंक अध्यक्ष हरमीत सिंह होरा ने कही । और उन्होने कहा कि यदि सही समय पर, सही प्राथमिकता और सही रणनीति के साथ युवाओं को रचनात्मक दिशा देते हैं। तो यह युवा शक्ति राज्य के लिए अनमोल पूंजी बन जाती है जो सार्थक विकास की क्रांति करने में सफल होती है। कार्यक्रम के दौरान विशाल शर्मा ,विक्रांत शर्मा ,योगेश लाल ,कृष्णा मरकाम ,पवन वाधवानी ,गोल्डी ठाकुर,राहुल बख्तानी,सुशांतराव पिल्लेवार ,अंकित गोयल राजीवगांधी युवा मितान क्लब पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या मे ग्रामवासी उपस्थित थे।

हैदराबाद से जगदलपुर आ रही कृष्णा ट्रैवल्स की बस हादसे का शिकार

चालक-परिचालक सहित सभी यात्री सुरक्षित

बीजापुर। हैदराबाद से जगदलपुर जा रही कृष्णा ट्रैवल्स की यात्री बस नैमेड में सुबह दुर्घटना ग्रस्त हो गई। हादसे में किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ है। सभी यात्री और चालक परिचालक सुरक्षित हैं। नैमेड थाना प्रभारी जेएल सलाम ने बताया कि कृष्णा ट्रेवल्स की यात्री बस क्रमांक सीजी 17 केडब्ल्यू 0539 शुकवार को हैदराबाद से जगदलपुर यात्रियों को लेकर जा रही थी।

इसी बीच सुबह छह बजे के दरमियान बाईक सवार को बचाने के चलते बस अनियंत्रित होकर एनएच 63 के मुख्य सड़क से उतर गई और पंचायत भवन के सामने लगे बिजली खम्भे से जा टकराई। दुर्घटना में किसी यात्री और चालक परिचालक को चोट आई हैं। सभी सुरक्षित हैं।

27 को रायपुर में होगा पिछड़ा वर्ग का विशाल महासम्मेलन

नगरी । पिछड़ा वर्ग समाज अपनी लंबित 27 प्रतिशत आरक्षण समेत विभिन्न मांगो को लेकर 27 अगस्त 2023 को छग पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ एवम् ओबीसी महासभा के संयुक्त तत्वाधान में रायपुर के रावण भाठा मैदान में विशाल महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस महासम्मेलन में पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत आने वाले जाति व समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित होकर अपनी आवाज बुलंद करेंगे। इस संबंध में पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ के जिलाध्यक्ष अंगेश हिरवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछड़ा वर्ग समाज के द्वारा विगत कई वर्षों से अपनी संवैधानिक मांग 27 प्रतिशत आरक्षण को लेकर लड़ाई लड़ा जा रहा है, किंतु आज तक छत्तीसगढ़ में राज करने वाले दोनो ही प्रमुख राजनीतिक दलों ने समाज के लोगो सत्ता प्राप्ति का हथियार बनाकर गुमराह करने व ठगने का काम किया है, जिससे पिछड़ा वर्ग समाज के लोग आक्रोशित है।

पतरापाली राशन वितरण में गड़बड़ी को लेकर सैकड़ों ग्रामीण महिला पहुंचे एसडीएम कार्यालय

जोहार छत्तीसगढ़- पालीडीही।

लगातार राशन वितरण मे अनियमिता और गड़बड़ी का मामला पत्थलगांव ब्लॉक अंतर्गत आने वाला पंचायत पतरापाली में मामला आता रहा है। जिसकी मौखिक शिकायत पूर्व में कई बार तहसील कार्यालय को ग्रामीणों के द्वारा मौखिक रूप दिया जाता रहा है लेकिन मामले में सरपंच सचिव के मनमानी इस कदर बड़ गया की लोगों को राशन दो महीने से नहीं मिलने की स्थिति में भूखे मरने की स्थिति पर गुस्सा, ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय घेराव को पहुंच गए। मामले में लोगों का कहना है सरपंच सचिव के हौसले इस कदर बुलंद है वे अपनी मनमानी करने से बाज नहीं आ रहे हैं जिसमें ग्रामीणों का आरोप है कि वे अपने मनमानी तरीके से हितग्राहियों को राशन वितरण करते हैं वितरण करते हैं जिसकी कोई तिथी समय निर्धारित नहीं है ग्रिप हित कार्यों का गंभीर आरोप है सचिव सरपंच पिछले कई महीनों का राशन को डकार मार गए है ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि इसका विरोध करने पर उल्टा धमकाया जाता है लोगों का कहना है इस मामले में हद तो तब हो गई जब लगातार दो महीने से हितग्राहियों को चावल नहि वितरण किया गया और उन्हें खाली हाथ हर रोज राशन दुकान से वापस जाना पढ़ता थाए और उनको खाने के लिए लाले पड़ने लगे।

जिसके बाद सैकड़ों महिला पुरुष सहित सरपंच सचिव हाय हाय के नारे लगाते अपनी गुहार लगाने एसडीएम कार्यालय पहुंचे। मामले में अनुविभागीय अधिकारी आकांक्षा त्रिपाठी ने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा है की मामले की जांच टीम गठित कर उचित तुरंत कार्यवाही किया जाएगा और दोषी पाए जाने पर कड़ीकार्यवाही की जाएगी।

कहां से आयेगा उपार्जन,अल्प वर्षा से ओडिशा के सीमावर्ती क्षेत्र भी प्रभावित

बिचौलिये सावधान, अब बायोमेट्रिक प्रणाली से होगी धान की खरीदी

जोहार छत्तीसगढ़- देवभोग।

छत्तीसगढ़ सरकार ने वर्ष 2023. 24 में धान की खरीदी में बड़ा फेरबदल कर दिया है। अब छग में धान की खरीदी बायोमेट्रिक्स प्रणाली से होगी। प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी करने का निर्णय सरकार पहले ही ले चुकी है। ऐसे में सरकार फर्जी खरीदी रोकने के लिए आधार आधारित बायोमेट्रिक ऑथोराइजेसन को अपनाया है। खरीदी में इस प्रकार फेरबदल को लेकर बिचौलियो में हड़कम्प है।

क्या है बायोमेट्रिक्स प्रणाली

धान बेचने हेतु किसान को स्वयं अथवा उसके द्वारा नामित व्यक्ति द्वारा समिति में आकर धान बेचते समय अपने उंगलियों के निशान की सहायता से आधार पर आधारित बायोमेट्रिक प्रणाली की नियमो का पालन करना होगा। इसके लिए सभी समितियों में 31 अक्टूबर 2023 तक सभी किसानों के आधार नंबर और उसके द्वारा नामित एक अन्य रिश्तेदार का आधार नंबर दर्ज करवाना होगा। अर्थात कोई भी किसान खुद या उसके द्वारा नामित किसी अन्य रिश्तेदार को धान बेचते समय खरीदी केंद्र जाकर उंगलियों के निशान देकर आधार से सत्यापित करना होगा।

धान बेचते समय किसान की उपस्थिति जरूरी

धान खरीदी ज्यो-ज्यो नजदीक आता है क्षेत्र में बिचौलिया सक्रीय हो जाते है। धान बोवाई के समय से किसान का पट्टा बिचौलियों के पास गिरवी हो जाता है।

ऐसे में हर साल धान खरीदी में सरकार को करोड़ों का चुना लगता है। सरकार के बायोमेट्रिक्स प्रणाली से बिचौलियो पर भारी असर पड़ेगा। फिर भी बिचौलिये इसका भी कोई ना कोई तोड़ निकाल लेंगे। फिर भी इसबार केवल पट्टा गिरवी रखने से काम नहीं चलने वाला है।

वारिश की कमी फसल चौपट उपार्जन कहां से आयेगा

इस वर्ष वारिश का औसतन मात्रा भी पिछले वर्ष से कम है अल्पवर्षा के चलते कुछ किसान फसल लगा ना सके तो कुछ के खेत में रोपा ना लग ना सका ऐसे में किसान के पास धान की कमी होगी मगर सक्रीय बिचौलिये अच्छी मुनाफ कमाने धान जुगाड़ कर किसान के पट्टे पर बेचने की कोशिश करेंगे। ओडिशा सीमावर्ती क्षेत्र में धान तस्करी को लेकर भारी गहमागहमी रहता है हालांकि इस साल ओडिशा में भी धान का फसल अल्पवारिश के चलते प्रभावित है फिर भी वहां के किसान फसल के रेट और वहां के खरीदी के विपरित नियमो के चलते छग के बिचौलियों को बेचने को मजबूर रहेंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in